# श्रमसाधना

श्रम की शक्ति, राष्ट्र की प्रगति

shramsadhnagwl@gmail.com | www.shramsadhnanews.com

हम बनेंगे आपकी आवाज स्कैन करें और चैनल से जुड़े

दैनिक सांध्यकालीन

RNI रजि. क्र. 50069/89

वर्ष : 38, अंक : 38 ग्वालियर, मंगलवार 08 सितंबर 2026
विक्रम संवत् 2083 पृष्ठ 12, मूल्य 1 रुपया

डाक पंजीयन
L-2-13/समा.पत्र/पं. 40020181/22-23


### दुबई में एआईएम कांग्रेस-2026 के मंच से मुख्यमंत्री ने वैश्विक निवेशकों को दिया आमंत्रण, एमपी पवेलियन का किया उद्घाटन

## मप्र में आइए, सरकार आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होगी : सीएम डॉ. यादव

**भोपाल/दुबई जीएनएस**

मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश और औद्योगिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को दुबई में दुनिया भर के निवेशकों से मध्यप्रदेश में निवेश करने का आह्वान किया। दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आयोजित एआईएम कांग्रेस-2026 को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश भारत के विशाल घरेलू बाजार के केंद्र में स्थित है। मजबूत कनेक्टिविटी, विकसित औद्योगिक आधार और निवेश-अनुकूल नीतियां प्रदेश को निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य बना रही हैं।

मुख्यमंत्री ने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि प्रदेश में निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए सरकार हर स्तर पर सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि निवेशकों की फाइलें सरकारी दफ्तरों में लंबित नहीं रहेंगी, बल्कि सरकार स्वयं उनके साथ खड़ी होकर परियोजनाओं को गति देगी।

**एआईएम कांग्रेस वैश्विक साझेदारी का बड़ा मंच :** डॉ. यादव ने एआईएम कांग्रेस-2026 के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि यह मंच अब केवल पारंपरिक निवेश तक सीमित नहीं है। वैश्विक नवाचार, आर्थिक साझेदारी और नए निवेश अवसरों के लिए यह महत्वपूर्ण मंच बन चुका है।

उन्होंने कहा कि बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था, भू-राजनीतिक परिस्थितियां, आपूर्ति श्रृंखला में बदलाव, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और हरित विकास निवेश की दिशा तय कर रहे हैं। ऐसे समय में सतत और समावेशी



विकास के लिए नए निवेश मार्ग तलाशना जरूरी है।

**भारत-यूएई संबंधों से बढ़ेंगे निवेश के अवसर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात के संबंध नई ऊंचाइयों पर हैं। दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते ने व्यापार, निवेश, लॉजिस्टिक्स और डिजिटल सहयोग के नए रास्ते खोले हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर चुका है और वर्ष 2032 तक इसे 200 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को हासिल करने में मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**इन क्षेत्रों में निवेश का दिया न्योता :** मुख्यमंत्री ने यूएई और दुनिया भर के निवेशकों को खाद्य प्रसंस्करण व एग्री-बिजनेस, टेक्सटाइल एवं गारमेंट्स, फार्मास्यूटिकल्स, इंजीनियरिंग व विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स व वेयरहाउसिंग, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल अधोसंरचना, डेटा सेंटर और नई तकनीकों के क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

उन्होंने कहा कि कृषि और खाद्य प्रसंस्करण में मध्यप्रदेश यूएई और पूरे खाड़ी क्षेत्र के लिए भरोसेमंद आपूर्ति साझेदार बन सकता है। सोयाबीन, गेहूं, दाल, मक्का, मसाले सहित कई कृषि उत्पादों के उत्पादन में प्रदेश की मजबूत स्थिति है। कोल्ड चेन, ग्रेडिंग, भंडारण और खाद्य प्रसंस्करण में निवेश से किसानों को बेहतर बाजार और उपज का बेहतर मूल्य मिल सकता है।

**चंदेरी-महेश्वरी से वैश्विक बाजार तक :** मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश की पारंपरिक वस्त्र पहचान का उल्लेख करते हुए कहा कि चंदेरी और महेश्वरी जैसी विरासत को आधुनिक टेक्सटाइल पार्क और गारमेंट निर्माण से जोड़ा जा रहा है। प्रदेश वैश्विक टेक्सटाइल वैल्यू चेन में महत्वपूर्ण स्थान बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। पीथमपुर, मंडीदीप और मालनपुर जैसे औद्योगिक क्षेत्र ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और उन्नत विनिर्माण के मजबूत केंद्र बन चुके हैं। फार्मास्यूटिकल्स और हाईटेक विनिर्माण में भी निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं।

---

### टांडा रोड से प्रतापनगर-वडोदरा तक शुरू हुई मेमू सेवा, पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी

## आजादी के बाद पहली बार धार में दौड़ी यात्री ट्रेन

**धार जीएनएस**

आजादी के बाद पहली बार धार जिले में यात्री ट्रेन पहुंची। मंगलवार को टांडा रोड रेलवे स्टेशन से प्रतापनगर-वडोदरा के बीच मेमू ट्रेन सेवा शुरू हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वडोदरा से वर्चुअल माध्यम से ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही लंबे समय से रेल सुविधा का इंतजार कर रहे आदिवासी अंचल को गुजरात से सीधी रेल कनेक्टिविटी



मिल गई।

नई मेमू ट्रेन प्रतापनगर-वडोदरा से टांडा रोड के बीच चलेगी। यह छोटा उदयपुर-धार रेल परियोजना के तहत तैयार नए रेलखंड पर संचालित होगी। रेल सुविधा से क्षेत्र के लोगों को रोजगार, शिक्षा, उपचार और व्यापार के लिए गुजरात आने-जाने में आसानी होगी।

टांडा रोड स्टेशन पर ट्रेन के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग पहुंचे। लोगों ने इसे क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

**धार तक पहुंचने में अभी बाकी है रेल :** छोटा उदयपुर-धार रेल परियोजना के तहत टांडा रोड तक रेल पहुंच गई है, लेकिन टांडा रोड से धार तक का काम अभी बाकी है। इसके पूरा होने के बाद धार शहर सीधे रेल नेटवर्क से जुड़ सकेगा। फिलहाल टांडा रोड तक ट्रेन पहुंचने से आदिवासी बहुल क्षेत्र के विकास और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

---

## इंटर्न डॉक्टरों पर वाटर कैनन चलाने की होगी निष्पक्ष जांच

**भोपाल जीएनएस**

इंटर्न डॉक्टरों के प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा वाटर कैनन के इस्तेमाल और कुछ डॉक्टरों के घायल होने के मामले को उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने पुलिस आयुक्त भोपाल संजय कुमार से चर्चा कर मामले की निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए।

निर्देश के बाद पुलिस उपायुक्त जोन-2 विकास सहवाल को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच अधिकारी प्रदर्शन के दौरान मौजूद सभी संबंधित पक्षों के बयान दर्ज कर घटनाक्रम की जांच करेंगे और जल्द ही अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि पूरे मामले की निष्पक्षता से जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाए। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

---

### दिशा की बैठक में सांसद कुशवाह ने दिए निर्देश; छतों पर पानी भरने और तकनीकी खामियों की जांच करेगी समिति

## 40 साल की जरूरतों को ध्यान में रखकर बने रेलवे स्टेशन के काम

**ग्वालियर जीएनएस**

निर्माणाधीन ग्वालियर रेलवे स्टेशन के उन्नयनीकरण कार्य आगामी 40 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर पूरे किए जाएंगे। स्टेशन की छतों पर पानी भरने और अन्य तकनीकी खामियों की जांच तकनीकी समिति करेगी। समिति की रिपोर्ट के बाद ही कार्य की समय-सीमा बढ़ाने पर निर्णय लिया जाएगा। यह निर्णय सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद भारत सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में हुई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में लिया गया। सांसद कुशवाह ने कहा कि करीब 535 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे स्टेशन पुनर्विकास कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने काम में तेजी लाने के साथ यात्रियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

**सेतु निगम, पीडब्ल्यूडी और जल संसाधन विभाग करेंगे जांच :** रेलवे स्टेशन की छतों पर जलभराव सहित अन्य तकनीकी खामियों की जांच के लिए सेतु निगम, लोक निर्माण विभाग और जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्रियों सहित अन्य तकनीकी अधिकारियों की समिति गठित की जाएगी। सांसद ने समिति को बारीकी से जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। स्टेशन बजरिया की दुकानों को शिफ्ट करने के मामले



में सांसद ने कलेक्टर को दुकानदारों के साथ बैठक करने को कहा। उन्होंने दुकानदारों की सहमति से उचित स्थान पर दुकानें शिफ्ट कराने के निर्देश दिए, ताकि स्टेशन को भव्य स्वरूप देने में बाधा न आए।

**चंबल प्रोजेक्ट और बाइपास पर भी जोर :** ग्वालियर की दीर्घकालीन पेयजल व्यवस्था के लिए निर्माणाधीन चंबल प्रोजेक्ट की समीक्षा करते हुए सांसद ने ग्वालियर तक पानी लाने से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने और काम में तेजी लाने को कहा। वेस्टर्न बाइपास और आगरा-ग्वालियर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के काम में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि वेस्टर्न बाइपास का करीब 20 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, जबकि आगरा-ग्वालियर एक्सप्रेस-वे के लिए भू-अर्जन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। सांसद ने एनएचएआई अधिकारियों को निर्माण सामग्री चिन्हित खदानों और निर्धारित मार्गों से ही लाने तथा परिवहन से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

**जलभराव रोकने सभी नालों को योजना में करें शामिल :** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत शहर के नालों के प्रबंधन की कार्ययोजना की भी समीक्षा की गई। सांसद ने कहा कि योजना में शहर के सभी प्रमुख नालों को शामिल कर ऐसी व्यवस्था की जाए, जिससे जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो। त्यागीनगर, शंकरपुर-ट्रांसपोर्ट नगर, संत कृपाल आश्रम-नोखान की पुलिया, जड़ेरुआ बांध-आदित्यपुरम सहित अन्य नालों को योजना में शामिल करने के निर्देश दिए।

**धूमेश्वर से रमौआ तक पर्यटन क्षेत्र विकसित होंगे :** जिले के धार्मिक और पर्यटन महत्व के ऐसे स्थलों को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जो बारहमासी जल स्रोतों के नजदीक हैं। धूमेश्वर, नलकेश्वर, मढ़ाखो, दूधखो, कनैर झील, मंगलादेवी और रमौआ बांध सहित अन्य स्थलों के प्रोजेक्ट तैयार कर भारत सरकार को भेजने के निर्देश दिए गए।

08 sep 2026 gwl.qxd 9/8/2026 5:31 PM Page 2



### गोगादेव जी के जीवन से मिलती है साहस, शौर्य और सेवा की प्रेरणा

# परमवीर लोकदेवता श्री गोगादेव जी के जन्मोत्सव में शामिल हुए भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी

**ग्वालियर, जीएनएस।**
परमवीर लोकदेवता, वीरता, शौर्य एवं लोकआस्था के प्रतीक श्री गोगादेव जी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर अखिल भारतीय गोगा मेड़ी समिति द्वारा बारादरी चौराहा एवं वाल्मीकि समाज विशाल मेला महोत्सव समिति द्वारा अग्रसेन चौराहे पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राष्टीय मीडिया सह प्रभारी श्री आशीष उषा अग्रवाल सम्मिलित हुए। उन्होंने विधि-विधानपूर्वक गोगादेव महाराज की पूजा-अर्चना एवं आरती कर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। श्री आशीष उषा अग्रवाल ने कहा कि गोगादेव महाराज के प्रति मेरी आस्था और जुड़ाव बचपन से रहा है। गोगादेव महाराज का वह पावन डंडा और छड़ी मैं बचपन से देखता आ रहा हूं। यह उत्सव मेरे लिए सदैव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा और श्रद्धा का पर्व रहा है।

हमारे यहां गोगादेव महाराज की पूजा की जाती है। रक्षाबंधन के अवसर पर राखी गोगादेव महाराज को समर्पित करने की परंपरा है। श्रद्धालु इस विश्वास के साथ राखी अर्पित करते हैं कि ÷हे गोगादेव महाराज, हम सभी की रक्षा करना और अपना आशीर्वाद सदैव बनाए रखना।÷ यह परंपरा लोकआस्था



की गहराई और पीढ़ियों से चली आ रही हमारी सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती है। श्री आशीष उषा अग्रवाल ने कहा कि लोकदेवता गोगादेव जी का जीवन साहस, शौर्य, पराक्रम, त्याग और सेवा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने समाज को सामाजिक समरसता, सद्भाव और मानव सेवा का संदेश दिया। यही कारण है कि गोगादेव जी आज भी जन-जन की आस्था के केंद्र हैं और उनका जीवन समाज को निरंतर प्रेरणा देता है।

भाजपा के राष्टीय मीडिया सह प्रभारी श्री आशीष उषा अग्रवाल ने कहा कि गोगादेव महाराज जैसे लोकदेवताओं से जुड़े आयोजन हमारी समृद्ध लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को पीढ़ी-दर-पीढ़ी जीवंत बनाए रखने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे आयोजन समाज के सभी वर्गों को एक सूत्र में जोड़ते हुए एकता, भाईचारे और सामाजिक समरसता की भावना को और मजबूत करते हैं।

इस अवसर पर पार्षद एडवोकेट दिलीप वाल्मीकि, श्री राज कुमार चौहान, श्री चुन्नी लाल चंदेल, श्री अमर सिंह उस्ताद, श्री मलखान सिंह, श्री सतपाल सिंदुरिया, श्री सोनू लौहट, श्री विकास उपाध्याय, श्री सुरेश चंद्र लोधे, श्री दिनेश चंद्र लोधे, श्री संतोष गोड़याले, श्री हरिओम झा, श्री अजय गुप्ता, श्री संजय नारायण भगत, श्री अरुण चौधरी, श्री रमेश चौधरी, श्री संजय जी, श्री महेंद्र सिंह, श्री वीर भगत, श्री नारायण भगत, श्री अशोक भगत, श्री सुरेश भगत, श्री बबलू गायक भगत, श्री राजू खरे भगत, श्री आयुष भगत, श्री आर्यन भगत, श्री विनोद छात्रें, श्री दर्शन करोसिया, श्री ओमकार उस्ताद, श्री जगदीश खलीका, श्री रमन लोधे, श्री अमन लोधे, श्री गगन लोधी, श्री महेंद्र गुप्ता, श्री चंद्र प्रकाश तोमर सहित अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# एकादशी व्रत करने वाले व्यक्ति का जीवन सफल और सार्थक होता है: महंत रामकिशोर दास शास्त्री

**पोरसा, जीएनएस।**
भगवान गोवर्धन गिरिराज जी महाराज के मंदिर परिसर में सोमवार सुबह एकादशी के पावन अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर के महंत रामकिशोर दास शास्त्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को एकादशी व्रत की महिमा और धार्मिक महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक भगवान विष्णु का स्मरण किया तथा एकादशी व्रत के नियमों और इसके आध्यात्मिक लाभों की जानकारी प्राप्त की।

महंत रामकिशोर दास शास्त्री ने कहा कि एकादशी का व्रत केवल उपवास मात्र नहीं है, बल्कि यह आत्मसंयम, भक्ति, साधना और भगवान के प्रति समर्पण का पर्व है। जो व्यक्ति श्रद्धा और विधि-विधान के साथ एकादशी का व्रत करता है, उसका जीवन आध्यात्मिक रूप से सफल और सार्थक बनता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से नियमित रूप से एकादशी व्रत का पालन करने और इस दिन भगवान विष्णु की आराधना करने का आह्वान किया।

**एकादशी व्रत से मिलता है विशेष पुण्य:** महंत ने धार्मिक मान्यताओं का उल्लेख करते हुए बताया कि एकादशी व्रत को सनातन धर्म में अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। मान्यता है कि एकादशी का व्रत करने से मनुष्य के पापों का क्षय होता है और उसे भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि धार्मिक ग्रंथों में एकादशी व्रत की महिमा का विस्तार से वर्णन मिलता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को बताया कि एकादशी व्रत के संबंध में ऐसी धार्मिक मान्यता है कि इससे पूर्वजों को भी सद्गति प्राप्त होती है और परिवार में सुख-शांति का वातावरण बना रहता है। श्रद्धा-भक्ति से व्रत करने वाले व्यक्ति के जीवन में धर्म, संयम और सदाचार की भावना मजबूत होती है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार एकादशी व्रत से धन-धान्य में वृद्धि, यश-कीर्ति, श्रद्धा एवं भक्ति की वृद्धि तथा भगवान की प्रसन्नता प्राप्त होती है। महंत ने राजा नहुष, राजा अंबरीष और राजा गाधी सहित उन पौराणिक पात्रों का



भी उल्लेख किया, जिन्होंने एकादशी व्रत के माध्यम से पुण्य और ऐश्वर्य प्राप्त किया।

**7 सितंबर को रखा गया अजा एकादशी का व्रत**

कार्यक्रम में बताया गया कि इस अवसर पर अजा एकादशी का व्रत रखा जा रहा है। पंचांग के अनुसार एकादशी तिथि 6 सितंबर 2026 रविवार की शाम 7÷29 बजे से प्रारंभ होकर 7 सितंबर 2026 सोमवार की शाम 5÷03 बजे तक रही। विशेष रूप से 7 सितंबर, सोमवार को एकादशी का व्रत रखने की बात कही गई।

महंत ने श्रद्धालुओं से कहा कि एकादशी के दिन अपने मन को शांत रखते हुए भगवान विष्णु का ध्यान करना चाहिए और यथासंभव धार्मिक नियमों का पालन करना चाहिए।

**विष्णु सहस्त्रनाम पाठ और गुरुमंत्र जाप का महत्व**

महंत रामकिशोर दास शास्त्री ने एकादशी के दिन किए जाने वाले धार्मिक कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि श्रद्धालु घर में दीप प्रज्वलित कर विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें। यदि विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ संभव न हो तो श्रद्धापूर्वक गुरुमंत्र का जाप किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भक्त एकादशी के दिन भगवान के समक्ष परिवार में सुख-शांति और आपसी प्रेम की प्रार्थना करें। धार्मिक मान्यता के अनुसार श्रद्धा के साथ भगवान का नाम स्मरण करने और सात्विक जीवन जीने से मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है।

**वृद्ध, बालक और बीमार व्यक्ति रखें विशेष सावधानी**

महंत ने कहा कि एकादशी का व्रत श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार किया जाना चाहिए। वृद्ध, बालक तथा बीमार व्यक्तियों को अपनी स्वास्थ्य स्थिति को ध्यान में रखते हुए व्रत संबंधी नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग पूर्ण उपवास करने में सक्षम नहीं हैं, वे अपनी क्षमता के अनुसार भगवान का स्मरण, पूजा-पाठ और सात्विक आहार का पालन कर सकते हैं।

धार्मिक परंपराओं में एकादशी के दिन चावल का सेवन नहीं करने की मान्यता भी बताई गई है। इस संबंध में उन्होंने श्रद्धालुओं को धार्मिक मान्यताओं के अनुसार संयम बरतने की सलाह दी।

**भक्ति और संयम का पर्व है एकादशी:** महंत रामकिशोर दास शास्त्री ने कहा कि एकादशी मनुष्य को अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण रखने, भगवान का स्मरण करने और अच्छे कर्मों की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब मनुष्य तनाव और भागदौड़ से घिरा हुआ है, ऐसे में धार्मिक व्रत और साधना उसे आत्मिक शांति प्रदान करने का माध्यम बन सकते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि एकादशी के दिन केवल उपवास तक सीमित न रहें, बल्कि सत्य, संयम, सेवा, दान, भगवान का नाम-स्मरण और सदाचार को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लें।

### समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा का आयोजन जारी

**श्योपुर।** संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जन्मजयंती के अवसर पर उनके जीवन-दर्शन, समता, भक्ति, सेवा, सामाजिक न्याय एवं मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ÷श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा÷ का आयोजन जारी है। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में समसरता संकल्प अभियान एवं यात्रा निर्धारित रूट अनुसार संचालित है। इस दौरान यात्रा का ग्रामों में स्वागत किया जा रहा है तथा कलश पूजन किया जा रहा है।

### 39.20 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**श्योपुर।** श्योपुर जिले में 06 सितंबर को 39.20 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दिनांक 06 सितंबर को श्योपुर में 42, बडौदा में 58, कराहल में 36, विजयपुर में 35, वीरपुर में 25 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष दिनांक 01 जून 2026 से अभी तक जिले में कुल 703.70 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक 1460.26 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

### जिले ने अवैध मदिरा भंडारण और परिवहन पर कड़ी कार्यवाही

# कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देश पर संयुक्त दल ने की कार्यवाही पिछोर में 2000 लीटर लहान नष्ट, 510 लीटर शराब जब्त

**शिवपुरी, जीएनएस।**
कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय पर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। जिलेभर में अवैध शराब के कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाया जाए और ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरंतर कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाए।

कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में राजस्व, पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाकर वृहद स्तर पर लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में संयुक्त दल ने पिछोर के ग्राम सालौरा और ग्राम करारखेड़ा में बड़ी कार्यवाही की है।

ग्राम सालौरा में दबिश और लहान नष्ट

संयुक्त टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम सालौरा में हाथ भट्टी से कच्ची शराब का अवैध निर्माण एवं विक्रय चल रहा है। सूचना मिलते ही टीम ने ग्राम सालौरा में रोहित उर्फ भूरा लोधी के खेत पर छापा मारा, जहाँ 8 ड्रमों में भरा करीब 1500 लीटर लहान मिला जिसे तुरंत मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसके साथ ही मौके से 3 ड्रमों में भरी लगभग 450 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई, जबकि रोहित लोधी मौके से फरार पाया गया।

?ग्राम करारखेड़ा में छापामार कार्रवाई व गिरफ्तारी

?इसके पश्चात संयुक्त टीम ने ग्राम करारखेड़ा में हरेन्द्र चौहान पुत्र प्रहलाद चौहान के खेत पर दबिश दी। यहाँ 3 प्लास्टिक ड्रमों में भरा करीब 500 लीटर लहान मौके पर नष्ट कराया गया तथा आरोपी के कब्जे से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। टीम ने हरेन्द्र चौहान को मौके से गिरफ्तार कर लिया है।

कुल जब्ती एवं वैधानिक कार्रवाई

इस संपूर्ण कार्रवाई के दौरान कुल 11 प्लास्टिक ड्रमों में रखा 2000 लीटर लहान (अनुमानित मूल्य 20,000 रुपये) नष्ट किया गया तथा कुल 510 लीटर अवैध हाथ भट्टी निर्मित कच्ची शराब (अनुमानित कुल कीमत 51,500 रुपये) विधिवत जब्त की गई। दोनों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

कार्रवाई में शामिल टीम

?इस संयुक्त कार्रवाई में एसडीएम पिछोर श्रीमती ममता शाक्य, तहसीलदार पिछोर शिवशंकर गुर्जर, आबकारी विभाग के उपनिरीक्षक विनीत शर्मा,कंट्रोल रूम प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल गुप्ता सहित थाना प्रभारी निरीक्षक नीतू सिंह, उप निरीक्षक रामकिशोर जोशी, कमल सिंह बंजारा, सहित अन्य कर्माचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

श्रमसाधना
www.shramsadhnanews.com
ग्वालियर शिवपुरी से प्रकाशित
महानगर
मंगलवार 08 सितंबर 2026


ऑपरेशन ईगल के तहत थाना पड़ाव पुलिस की कार्यवाही

# थाना पड़ाव पुलिस ने आबकारी कार्यालय के पास से एक बदमाश को 315 बोर का कट्टा व जिंदा राउण्ड सहित किया गिरफ्तार

**ग्वालियर, जीएनएस।**
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह (भापुसे) के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस द्वारा ऑपरेशन ईगल के तहत अवैध हथियार रखने व खरीद फरोख्त करने तथा अवैध हथियार का प्रदर्शन करने वालों पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 06.09.2026 को थाना पड़ाव पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक लड़का अवैध हथियार लिए हुए कोई वारदात करने की फिराक में पड़ाव पुल के नीचे आवकारी कार्यालय के पास खड़ा है, उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिस पर से अति. पुलिस अधीक्षक (मध्य/यातायात) ग्वालियर श्री सुजावल जग्गा(भापुसे) द्वारा थाना पड़ाव पुलिस को मुखबिर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार सीएसपी इन्दरगंज श्री रोबिन जैन के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पड़ाव निरीक्षक शैलेन्द्र भार्गव के द्वारा थाना बल की टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर भेजा गया। पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान पड़ाव पुल के नीचे आवकारी कार्यालय के पास एक संदिग्ध लड़का खड़ा दिखा, जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा जिसको घेरकर पकड़ा और उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम पुनीत जाटव पुत्र संतोष जाटव उम्र 21 साल निवासी लक्ष्मणपुरा ग्वालियर का होना बताया।

पुलिस द्वारा उक्त संदिग्ध की तलाशी ली गई तो उसकी कमर में एक लोहे का देशी कट्टा खुरसा मिला जिसे खोलकर देखा गया तो उसके चेबर में एक जिंदा राउंड कट्टे में लगा हुआ था। आरोपी का कृत्य धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का दण्डनीय होने से आरोपी के कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा एवं 315 बोर का एक जिन्दा राउण्ड विधिवत जप्त किया। थाना पड़ाव पुलिस द्वारा आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर उसके खिलाफ अप0क्र0- 245/26 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

गिरफ्तार आरोपीः- पुनीत जाटव पुत्र संतोष जाटव उम्र 21 साल निवासी लक्ष्मणपुरा ग्वालियर।

जप्त मशरूकाः- एक 315 बोर का कट्टा एक 315 बोर का जिंदा राउण्ड।

सराहनीय भूमिकाः- थाना प्रभारी पड़ाव निरीक्षक शैलेन्द्र भार्गव, प्र.आर. श्रीराम भिलाला, आर. शिवकुमार यादव, आर. चंद्रशेखर की सराहनीय भूमिका रही।

# वीनस पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस

**ग्वालियर, जीएनएस।**
वीनस पब्लिक स्कूल आनंद नगर में सोमवार को प्रातः स्कूल के परिसर में शिक्षक दिवस हर्ष, उल्लास एवं कृतज्ञता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन एवं संस्थापक डॉ. ओ.पी. गुप्ता, संस्थापक एवं मार्गदर्शक डॉ. निर्मला गुप्ता जी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया तथा एक प्रभावशाली नाटिका के माध्यम से कक्षा-कक्ष में शिक्षकों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों और उनके धैर्य, समर्पण एवं जिम्मेदारी को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। समारोह का विशेष आकर्षण शिक्षकों को उनकी प्रतिभा, कार्यक्षमता, व्यक्तित्व एवं विशिष्ट गुणों के अनुरूप दिए गए सुंदर, अर्थपूर्ण एवं रचनात्मक उपाधियाँ रहीं। इसके साथ ही उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रियंका अग्रवाल, हर्षी गुप्ता ,कौशल गर्ग, राजेश्वरी लकोटिया तथा मानसी कपूर को ÷बेस्ट परफॉर्मर ऑफ द ईयर÷ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह समारोह उन समर्पित शिक्षकों को नमन था, जो ज्ञान के साथ-साथ संस्कार, आत्मविश्वास और जीवन-मूल्यों का संचार कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। समारोह ने पूरे वीनस परिवार को गुरु-शिष्य के पवित्र संबंध और शिक्षक के महत्व की अनुभूति से भर दिया।

कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 7 माह से फरार 5,000 के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार



**दतिया, जीएनएस।**
एसपी मयूर खंडेलवाल के निर्देश पर एएसपी दतिया मनजीत सिंह चावला एवं एसडीओपी दतिया श्रीमती आकांक्षा जैन के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली दतिया पुलिस द्वारा फरार एवं इनामी आरोपियों की धरपकड़ हेतु लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में थाना कोतवाली दतिया पुलिस टीम को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना कोतवाली दतिया के प्रकरण में पिछले करीब 7 माह से फरार चल रहे ?5,000/- के इनामी आरोपी को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी का विवरण

आरोपी विजय कुमार गुप्तापुत्र राम किशोर गुप्ता निवासीः ग्राम उचिया, हाल गंजी के हनुमान जी, दतिया उक्त आरोपी थाना कोतवाली दतिया के प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा लगातार संभावित स्थानों पर दबिश एवं तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र एवं उपलब्ध सूचना के आधार पर अपराध क्रमांक 56/ 26 धारा 34(2 ) आबकारी एक्ट का आरोपी की पतारसी कर उसे दिनांक 05/09/2026 को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से एक चार पहिया कार भी जप्त की गई है। गिरफ्तारी के उपरांत आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को जेल भेज दिया गया।

ऑपरेशन ईगल के तहत थाना डबरा सिटी पुलिस की कार्यवाही

# कठऊ पुलिया के पास से एक बदमाश को 315 बोर का कट्टा व जिंदा राउण्ड सहित किया गिरफ्तार

**ग्वालियर, जीएनएस।**
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह (भापुसे) के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस द्वारा ऑपरेशन ईगल के तहत अवैध हथियार रखने व खरीद फरोख्त करने तथा अवैध हथियार का प्रदर्शन करने वालों पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 07.09.2026 को थाना डबरा सिटी पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध हथियार लिए हुए कोई वारदात करने की फिराक में कठऊ पुलिया के रास्ते पर खड़ा है, उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिस पर से अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री जयराज कुबेर द्वारा थाना डबरा सिटी पुलिस को मुखबिर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार एसडीओपी डबरा श्री सौरभ कुमार के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डबरा सिटी उनि0 संजय शर्मा के द्वारा थाना बल की टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर भेजा गया। पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान कठऊ पुलिया रास्ते पर एक संदिग्ध लड़का खड़ा दिखा, जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा जिसको घेरकर पकड़ा और उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम अस्फाक खान पुत्र इन्तियाज खान उम्र 29 साल निवासी मदरसे के पास जंगीपुरा डबरा का होना बताया।

पुलिस द्वारा उक्त संदिग्ध की तलाशी ली गई तो उसकी कमर में एक 315 बोर का कट्टा खुरसे हए मिला तथा लोअर की दाहिनी जेब मे एक 315 बोर का जिन्दा राउंड रखा मिला। आरोपी का कृत्य धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का दण्डनीय होने से आरोपी के कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा एवं 315 बोर का एक जिन्दा राउण्ड विधिवत जप्त किया। थाना डबरा सिटी पुलिस द्वारा आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर उसके खिलाफ अप0क्र0- 502/26 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

गिरफ्तार आरोपीः- अस्फाक खान पुत्र इन्तियाज खान उम्र 29 साल निवासी मदरसे के पास जंगीपुरा डबरा।

जप्त मशरूकाः- एक 315 बोर का कट्टा एक 315 बोर का जिन्दा राउण्ड।

# अश्वनी जैन को मुख्यमंत्री द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित करने पर एम डी जैन इंटर कॉलेज में हुआ भव्य स्वागत



**सिरसागंज, जीएनएस।**
जनपद फिरोजाबाद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है। उनको प्रदेश स्तर से सम्मानित होने से जिले के शिक्षकों और विद्यार्थियों में खुशी की लहर है। विद्यालय में अश्वनी जैन के अभिनंदन समारोह का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन के संयोजन में किया गया। नीरज जैन ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बताया कि जैन विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं।

भिण्ड-गोरमी
के
समाचार
विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
महेश चौधरी
98267-36233



दैनिक श्रमसाधना
ग्वालियर शिवपुरी से प्रकाशित
www.shramsadhnanews.com
निष्पक्षता-विश्वसनीयता एवं जनहित का संवाहक
श्रमसाधना



## संपादकीय

### जेन-जी को समझिए, वे उतने बुरे नहीं हैं जितना आप सोचते हैं

'मे आई कम इन' कहते हुए एक उम्मीदवार एचआर के सामने पहुंचा। वह कुर्सी पर बैठते ही एयरपॉड्स लगाए रहा। पूछने पर उसने बताया कि कैशियर की पार्ट-टाइम नौकरी इसलिए करना चाहता है, ताकि दोस्तों के साथ घूमने, छुट्टियां मनाने और अपनी सोशल लाइफ के लिए समय निकाल सके। उसके जवाब और बॉडी लैंग्वेज से पैनल को लगा कि नौकरी उसकी प्राथमिकता नहीं होगी।

दूसरा उम्मीदवार इसके बिल्कुल विपरीत था। वह गंभीर, धैर्यवान और अनुशासित नजर आया। उसे शॉर्टलिस्ट कर दो घंटे के लिए कैश काउंटर पर काम देखने का मौका दिया गया। इसके बाद उसका व्यवहार परखा गया।

1272 रुपए के बिल पर उसे 1500 रुपए दिए गए। मशीन ने 228 रुपए लौटाने को कहा। उसके पास पर्याप्त छुट्टे नहीं थे। ग्राहक ने दो एक-एक रुपए के सिक्के देकर 230 रुपए लौटाने का सुझाव दिया, लेकिन उम्मीदवार ने मशीन में दर्ज 228 रुपए की रकम को सही मानते हुए दूसरे काउंटर से छुट्टे जुटाए और ग्राहक को सही रकम लौटाई। पूरी प्रक्रिया में करीब चार मिनट लगे और इस दौरान कतार बढ़ती गई।

एचआर टीम ने उसे नौकरी के लिए चुन लिया, लेकिन उसे कैश संभालने से ज्यादा भीड़ प्रबंधन की ट्रेनिंग देने का फैसला किया। दोनों उम्मीदवार तकनीकी रूप से सक्षम थे, लेकिन उनके काम के प्रति नजरिए में बड़ा अंतर था।

जलगांव स्थित जैन इरिगेशन के प्रमोटर भाइयों अशोक जैन, अनिल जैन, अजित जैन और अतुल जैन से चर्चा के दौरान जब मैंने ये उदाहरण साझा किए तो उनका भी मानना था कि समाज जेन-जी को जरूरत से ज्यादा नकारात्मक नजरिए से देखता है। जेन-जी यानी नई पीढ़ी अलग तरह से सोचती है। वह अपनी पसंद-नापसंद और प्राथमिकताओं को खुलकर व्यक्त करती है और काम तथा निजी जीवन के बीच संतुलन चाहती है। अनिल जैन का कहना था कि जेन-जी को संभालने के लिए सबसे पहले नेतृत्वकर्ताओं को अपने भीतर नेतृत्व क्षमता विकसित करनी होगी। आज तकनीक भी रोजगार की दुनिया को तेजी से बदल रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक्स के बढ़ते इस्तेमाल से आने वाले वर्षों में अनेक पारंपरिक नौकरियों का स्वरूप बदल सकता है। ऐसे समय में केवल डिग्री या तकनीकी दक्षता ही पर्याप्त नहीं होगी। प्रतिबद्धता, सीखने की क्षमता, जिम्मेदारी और परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने की क्षमता भी महत्वपूर्ण होगी। मध्य प्रदेश के ब्यावरा के 21 वर्षीय बीएससी छात्र सुरेंद्र सिंह चौधरी इसका दूसरा उदाहरण हैं। उन्होंने सात महीनों तक अकेले अजनार नदी की सफाई की। उनके समर्पण की खबरें विदेश तक पहुंचीं और उन्हें नीदरलैंड्स से नौकरी का प्रस्ताव मिलने की बात सामने आई। यह दिखाता है कि नई पीढ़ी में प्रतिबद्धता की कमी नहीं है। दरअसल, समस्या को केवल जेन-जी के व्यवहार से जोड़ना सही नहीं होगा। आर्थिक अस्थिरता, बढ़ती जीवन-यापन लागत और सोशल मीडिया पर लगातार दूसरों से तुलना करने की प्रवृत्ति ने युवाओं की प्राथमिकताओं को प्रभावित किया है। वे अपने माता-पिता की तरह पूरी जिंदगी केवल नौकरी के लिए समर्पित करने के बजाय जीवन और काम के बीच संतुलन चाहते हैं। इसलिए किसी युवा को केवल उसके पहनावे, बोलने के अंदाज या काम के प्रति अलग नजरिए के कारण खारिज कर देना उचित नहीं है।

प्रान्तीय कार्यालय : 76 शबरी कॉम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-2 भोपाल, फोन : 0755-2579530
प्रान्तीय ब्यूरो प्रमुख : एल.एन. तवर, 9827781209
प्रान्तीय ब्यूरो : डॉ. जानकी अहिरवार 9406580345
Email:shramsadhnagwl@gmail.com

# 3,800 बच्चों की मुक्ति ने खोला बड़ा सवाल बचपन बिक रहा है, कानून देख रहा है?

**किशन सनमुखदास भावनानी**

भारत जब 2047 तक विकसित, समृद्ध और न्यायपूर्ण राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब उसके सामने एक ऐसा सवाल भी खड़ा है, जिसे केवल आर्थिक आंकड़ों से नजरअंदाज नहीं किया जा सकता—क्या देश का बचपन वास्तव में सुरक्षित है? महानगरों की चमक और विकास की तस्वीरों के पीछे सड़क किनारे चाय की दुकान पर गिलास धोता बच्चा, ढाबे पर खाना परोसता मासूम, ट्रैफिक सिग्नल पर सामान बेचता बालक, निर्माण स्थल पर ईंट ढोता बच्चा या कारखाने की मशीनों के बीच काम करता नाबालिग आज भी व्यवस्था के सामने गंभीर सवाल बनकर खड़ा है।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के हालिया अभियान के आंकड़े इस समस्या की गंभीरता को सामने लाते हैं। 12 जून से 31 अगस्त 2026 तक चलाए गए विशेष अखिल भारतीय बचाव एवं पुनर्वास अभियान में 3,800 से अधिक बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराया गया और 575 से अधिक एफआईआर दर्ज की गईं।

यह आंकड़ा केवल सरकारी कार्रवाई की सफलता नहीं है, बल्कि यह भी बताता है कि देश के विभिन्न हिस्सों में बालश्रम की समस्या कितनी गहरी है। सवाल यह है कि यदि करीब ढाई महीने के लक्षित अभियान में 3,800 से अधिक बच्चों को मुक्त कराया जा सकता है, तो ऐसी कार्रवाई पूरे वर्ष नियमित रूप से क्यों नहीं हो सकती?

**अभियान नहीं, स्थायी व्यवस्था की जरूरत :** बालश्रम के खिलाफ कार्रवाई को कुछ महीनों तक चलने वाले अभियान तक सीमित रखने के बजाय इसे स्थायी जिला-स्तरीय प्रवर्तन व्यवस्था का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। प्रत्येक जिले में बालश्रम और बाल तस्करी के संभावित हॉटस्पॉट चिन्हित किए जाएं। श्रम विभाग, पुलिस, जिला प्रशासन, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति और विश्वसनीय सामाजिक संगठनों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित हो।

ईंट-भट्टों, निर्माण स्थलों, कृषि क्षेत्र, घरेलू काम, कचरा बीनने, कार्यशालाओं, बाजारों, होटल-ढाबों और कारखानों में विशेष निगरानी की जरूरत है। प्रवासी परिवारों के बच्चों के मामले में चुनौती और बढ़ जाती है, क्योंकि आर्थिक मजबूरी और विद्यालय से टूटता जुड़ाव उन्हें बालश्रम की ओर धकेल सकता है।

इसलिए बालश्रम केवल श्रम कानून का विषय नहीं है। यह गरीबी, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, प्रवासन, मानव तस्करी और प्रशासनिक जवाबदेही से जुड़ा व्यापक सामाजिक प्रश्न है।

**सस्ता श्रम नहीं, बच्चे का भविष्य :** बालश्रम सस्ता और अधिकार-विहीन श्रम उपलब्ध कराता है। बच्चे सामान्य श्रमिकों की तरह अपने अधिकारों, मजदूरी, कार्य समय और सुरक्षा नियमों से परिचित नहीं होते। इसी वजह से कुछ नियोक्ताओं के लिए बच्चों को काम पर रखना आर्थिक रूप से आकर्षक दिखाई दे सकता है।

लेकिन किसी बच्चे की मजबूरी को सस्ते श्रम में बदल देना केवल आर्थिक अन्याय नहीं है। यह उसके शिक्षा, स्वास्थ्य, गरिमा और भविष्य पर सीधा हमला है।

बालश्रम की मौजूदगी प्रशासनिक व्यवस्था की प्रभावशीलता पर भी सवाल खड़े करती है। हालांकि बिना प्रमाण किसी अधिकारी या विभाग पर मिलीभगत अथवा भ्रष्टाचार का आरोप लगाना उचित नहीं होगा, लेकिन शिकायतों के बावजूद यदि किसी क्षेत्र में बालश्रम लगातार जारी रहता है, तो जवाबदेही तय होना जरूरी है।

नियमित निरीक्षण, शिकायतों की स्वतंत्र जांच, कार्रवाई की डिजिटल निगरानी और वरिष्ठ अधिकारियों के आकस्मिक निरीक्षण से कानून के प्रति विश्वास मजबूत किया जा सकता है।

**बचाव के बाद पुनर्वास सबसे अहम :** बालश्रम के खिलाफ कार्रवाई में केवल बच्चे को कार्यस्थल से मुक्त कराना पर्याप्त नहीं है। प्रत्येक बचाव के बाद यह सुनिश्चित करना होगा कि बच्चा दोबारा बालश्रम की ओर न लौटे।

बच्चे को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने, परिवार की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का आकलन करने, उसे शिक्षा से जोड़ने तथा जरूरत के अनुसार आवास, भोजन, स्वास्थ्य और मनोसामाजिक सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था मजबूत करनी होगी।

यदि किसी बच्चे को आज दुकान या कारखाने से निकालकर कल उसी आर्थिक मजबूरी के बीच छोड़ दिया गया, तो उसके दोबारा बालश्रम में जाने का खतरा बना रहेगा। इसलिए 'रेस्क्यू' अंतिम लक्ष्य नहीं, बल्कि पुनर्वास की पहली सीढ़ी होना चाहिए।

**कानून की कमी नहीं, क्रियान्वयन की चुनौती :** भारत में बालश्रम रोकने के लिए कानूनी प्रावधान पहले से मौजूद हैं। बाल और किशोर श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को रोजगार या काम में लगाने पर व्यापक प्रतिबंध है। वहीं 14 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों को निर्धारित खतरनाक व्यवसायों और प्रक्रियाओं में नियोजित करना प्रतिबंधित है।

कानून में उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं के लिए दंड का प्रावधान भी है। ऐसे में वास्तविक चुनौती कानून की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि कानून के उल्लंघन की निश्चित पहचान, निष्पक्ष जांच, प्रभावी अभियोजन और समयबद्ध न्यायिक परिणाम सुनिश्चित करने की है। संविधान का अनुच्छेद 24 बच्चों को खतरनाक रोजगार से सुरक्षा देता है और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था करता है। इसका मूल संदेश स्पष्ट है—बच्चे के हाथ में औजार नहीं, किताब होनी चाहिए।

# बुद्धिमान मशीनों के युग में चिकित्सा

**डॉ. विजय गर्ग**

चिकित्सा विज्ञान हमेशा विज्ञान और तकनीक के विकास के साथ आगे बढ़ता रहा है। एंटीबायोटिक और टीकों की खोज से लेकर आधुनिक चिकित्सा इमेजिंग और रोबोटिक सर्जरी तक, प्रत्येक तकनीकी उपलब्धि ने डॉक्टरों के रोगों को समझने और मरीजों की देखभाल करने के तरीके को बदला है। अब चिकित्सा विज्ञान एक और परिवर्तनकारी दौर में प्रवेश कर रहा है—यह बुद्धिमान मशीनों का युग है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स और आंकड़ा-आधारित तकनीकें अस्पतालों, प्रयोगशालाओं और क्लीनिकों में महत्वपूर्ण उपकरण बनती जा रही हैं। मशीनें बड़ी मात्रा में चिकित्सा संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण कर सकती हैं, विभिन्न पैटर्न पहचान सकती हैं और डॉक्टरों को अधिक तेज तथा बेहतर निर्णय लेने में सहायता कर सकती हैं।

इस तकनीकी बदलाव का सबसे आशाजनक क्षेत्र रोगों का शुरुआती निदान है। एआई आधारित प्रणालियां एक्स-रे, सीटी स्कैन और रेटिना की तस्वीरों जैसी चिकित्सा इमेजिंग का विश्लेषण करके उन सूक्ष्म संकेतों को पहचानने में सहायता कर सकती हैं, जिन्हें सामान्य निरीक्षण में पहचानना कभी-कभी कठिन होता है। इससे रोगों का पता शुरुआती अवस्था में लगाने में मदद मिल सकती है, जब उपचार अधिक प्रभावी होने की संभावना रहती है।

नई दवाओं की खोज का क्षेत्र भी एआई से तेजी से बदल रहा है। पारंपरिक रूप से किसी नई दवा को विकसित करने में वर्षों का शोध और परीक्षण लगता है। एआई शोधकर्ताओं को जैविक आंकड़ों का विश्लेषण करने, संभावित दवा-लक्ष्यों की पहचान करने और उन रासायनिक यौगिकों को छांटने में सहायता कर सकता है, जिन पर आगे शोध किया जा सकता है। इसका अर्थ यह नहीं है कि प्रयोगशाला अनुसंधान या चिकित्सकीय परीक्षण समाप्त हो जाएंगे, बल्कि एआई वैज्ञानिकों को अपने प्रयास अधिक प्रभावी ढंग से केंद्रित करने में मदद कर सकता है।

एक अन्य महत्वपूर्ण बदलाव व्यक्तिगत चिकित्सा का है। प्रत्येक मरीज की शारीरिक संरचना, चिकित्सा इतिहास और उपचार के प्रति प्रतिक्रिया अलग हो सकती है। इसलिए जो उपचार एक व्यक्ति के लिए प्रभावी है, जरूरी नहीं कि दूसरे के लिए भी उतना ही प्रभावी हो। चिकित्सा इतिहास, आनुवंशिक जानकारी और अन्य स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों के विश्लेषण से बुद्धिमान प्रणालियां डॉक्टरों को मरीज के लिए अधिक उपयुक्त उपचार चुनने में सहायता कर सकती हैं।

रोबोटिक्स भी स्वास्थ्य सेवाओं को नया आयाम दे रहा है। रोबोट-सहायता प्राप्त प्रणालियां सर्जनों को जटिल प्रक्रियाएं अधिक सटीकता और नियंत्रण के साथ करने में मदद कर सकती हैं। इसी प्रकार बुद्धिमान निगरानी प्रणालियां मरीज की स्थिति पर लगातार नजर रखते हुए ऐसे चेतावनी संकेतों की पहचान कर सकती हैं, जिन पर तत्काल चिकित्सकीय ध्यान आवश्यक हो।

हालांकि, बुद्धिमान मशीनों के बढ़ते उपयोग के साथ कई महत्वपूर्ण प्रश्न भी सामने आ रहे हैं। यदि एआई प्रणाली कोई गलत निर्णय देती है तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? मरीजों की संवेदनशील चिकित्सा जानकारी की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाएगी? यदि किसी एआई प्रणाली को अधूरे या असंतुलित आंकड़ों से प्रशिक्षित किया गया हो, तो क्या उसके परिणामों में पक्षपात आ सकता है? ये केवल तकनीकी सवाल नहीं हैं, बल्कि नैतिक और मानवीय प्रश्न भी हैं।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चिकित्सा केवल रोग का निदान करने का नाम नहीं है। चिकित्सा में मरीज को सुनना, उसकी चिंता समझना, सहानुभूति रखना, विश्वास कायम करना और उसके कष्ट को महसूस करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। कोई मशीन कुछ ही सेकंड में किसी स्कैन का विश्लेषण कर सकती है, लेकिन वह डॉक्टर और मरीज के बीच बनने वाले मानवीय संबंध का स्थान नहीं ले सकती।

इसलिए भविष्य को 'डॉक्टर बनाम मशीन' के रूप में देखने के बजाय 'मशीन के साथ डॉक्टर' के रूप में देखना अधिक उचित होगा। एआई बड़ी मात्रा में आंकड़ों के विश्लेषण और दोहराए जाने वाले कार्यों को संभाल सकता है, जबकि डॉक्टर चिकित्सकीय विवेक, करुणा, संवाद और जिम्मेदारी की भूमिका निभाएंगे।

चिकित्सा शिक्षा को भी इस बदलाव के अनुरूप विकसित करना होगा। भविष्य के डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को केवल चिकित्सा ज्ञान ही नहीं, बल्कि एआई, आंकड़ों की व्याख्या, डिजिटल नैतिकता और तकनीकी प्रबंधन की समझ भी विकसित करनी होगी। मशीन द्वारा दिए गए सुझावों का उपयोग करने के साथ-साथ उनकी जांच और स्वतंत्र सत्यापन करना भी आवश्यक होगा।

बुद्धिमान मशीनें चिकित्सा विज्ञान के सबसे शक्तिशाली उपकरणों में से एक बन सकती हैं। लेकिन उन्हें मानवता की सेवा में एक उपकरण के रूप में ही रखा जाना चाहिए, मानव चिकित्सक के विकल्प के रूप में नहीं। तकनीक स्वास्थ्य सेवाओं को तेज, अधिक सटीक और संभावित रूप से अधिक सुलभ बना सकती है, लेकिन इसका अंतिम उद्देश्य वही होना चाहिए—पीड़ा कम करना, जीवन बचाना और मानव कल्याण को बेहतर बनाना। चिकित्सा का भविष्य न तो पूरी तरह मनुष्यों का होगा और न ही पूरी तरह मशीनों का। भविष्य एक ऐसी सार्थक साझेदारी का हो सकता है, जिसमें मानवीय बुद्धिमत्ता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता साथ मिलकर बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का निर्माण करें। यही तकनीक की वास्तविक सफलता होगी—जब मशीन की क्षमता और मनुष्य की संवेदना मिलकर चिकित्सा को अधिक प्रभावी, विश्वसनीय और मानवीय बनाएंगी।

दैनिक श्रमसाधना
www.shramsadhnanews.com
ग्वालियर शिवपुरी से प्रकाशित



# दतिया विधायक घनश्याम सिंह को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने दिलाई विधायक पद की शपथ

## पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष श्री सिंघार सहित कई पूर्व मंत्री,विधायक हुए शामिल



**दतिया, जीएनएस।**
दतिया विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक कु घनश्याम सिंह को रविवार को मध्यप्रदेश विधानसभा भवन में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर जी ने अपने कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा सदस्य( विधायक) पद की शपथ दिलाई।

इससे पहले विधायक श्री सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर को पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं मां पीताम्बरा की तस्वीर एवं प्रसाद भेंट कर स्वागत सम्मान किया।

शपथ ग्रहण के पश्चात विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने विधायक श्री सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं अंग वस्त्र पहनाकर शुभकामनाएं दी एवं मप्र विधानसभा की ओर से लेपटॉप एवं अन्य सामग्री प्रदान की गई।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह,पूर्वमंत्री महेंद्र बौद्ध, पूर्व मंत्री प्रभू सिंह ठाकुर, विधायक फूल सिंह बरैया, पूर्व विधायक रामचन्द्र दांगी, दतिया महाराजा अरुणादित्य देव, राजेश्वर शरण सिंह देव, माण्डवी कुमारी, जिला संगठन प्रभारी रामलखन डंडोतिया, राजीव सिंह महासचिव प्रशासन पीसीसी, कांग्रेस महासचिव अवधेश नायक, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा, पूर्व जनपद अध्यक्ष अशोक दांगी, जिला महासचिव आनन्द शर्मा, महिला कांग्रेस महासचिव रचना शेर सिंह, वरिष्ठ नेता शेर सिंह, पूर्व पार्षद संतोष लिटोरिया, पार्षद मुन्ना खां, पूर्व शहर अध्यक्ष दीपेंद्र पुरोहित, शैलेंद्र सिंह बुन्देला, पूर्व जिला प्रवक्ता जितेंद्र सिंह पठारी, पूर्व जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष विष्णु गुर्जर, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ऋषभ राजा गुर्जर, सेवादल जिलाध्यक्ष मोहन कुशवाहा, पूर्व जनपद सदस्य वनमाली पाल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष केपी यादव, पूर्व जनपद सदस्य मूलचंद मिश्रा, एडवोकेट शंभू गोस्वामी, विक्रम सिंह वापा साहब, नवनीत शाह, संतोष चौबे, नीरज शर्मा, संजू राजा परमार, सनमान सिंह बुन्देला, जंडेल सिंह, शिशुपाल सिंह बघेल, भजन सिंह रावत, काले खान, अनूप तिवारी, श्याम सुंदर दुबे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# दतिया में आबकारी विभाग ने की जहरीली शराब के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही

**दतिया, जीएनएस।**
मध्यप्रदेश के सागर जिले में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों की घटना के बाद दतिया कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखड़े एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता श्री संदीप शर्मा के निर्देशानुसार रविवार सुबह दतिया में जहरीली शराब के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु जिला आबकारी अधिकारी श्री रामकुमार सूत्रकार के मार्गदर्शन में आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी श्री अनिरुद्ध खानवलकर के नेतृत्व में वृत्त दतिया अ. दतिया ब एवं वृत्त सेंवढ़ा क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब के विरुद्ध दविश दी गई।

आबकारी विभाग की कार्यवाही में मौके पर 05 ड्रम में लगभग 1000 लीटर गुड़ लाहन सैंपल लेकर नष्ट किए गए एवं 119 लीटर कच्ची हाथ भट्टी शराब जब्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधन 2000 की धारा 34 (1) एवं धारा 34 (1) ग्र के अंतर्गत कुल 09 प्रकरण पंजीबद्ध कर मौके से 05 आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उक्त प्रकरण में जब्त / नष्ट मदिरा एवं सामान की अनुमानित मूल्य 1,73,800 /- रूपये है। उक्त अभियान सतत रूप से जिले में जारी रहेगा।

उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक श्रीमती ध्वनि भदौरिया, एवं आबकारी मुख्य आरक्षक श्री विकास पाठक, आबकारी आरक्षक श्री मनीष यादव एवं श्री विकास साहू एवं वाहन चालकों का सराहनीय योगदान रहा।

# मूसलाधार बारिस में भी प्रभात फेरी नहीं रुकी- उदयभान रजक



**ग्वालियर, जीएनएस।**
माधव नगर तिघरा रोड गोल पहाड़िया लश्कर क्षेत्र में निकलने वाली नियमित प्रतिदिन संगीतमय प्रभात फेरी के सभी राम भक्तों के मनोबल इतने प्रबल हैं की बारिश की तेज होने में और घुटनों से ऊपर पानी के होने के बाद भी मात्र शक्तियों और राम भक्त प्रभात फेरी नियमित रूप से निकाल रहे हैं यह जुनून, यह इच्छा शक्ति, यह लगन,यह प्रभु राम के नाम की धुन का आनंद पाने वाले सभी राम भक्तों से क्षेत्र वाले गलि-गलि के लोग जो देखने वाले हैं प्रसन्न हैं कि बरसात में भी प्रभात फेरी में राम नाम की गन जे निरंतर गूंज मन है इसलिए क्षेत्रवासी पुष्प वर्षा करके प्रभात फेरी के राम भक्तों का स्वागत कर रहे हैं, कि एक तरफ ईश्वर वर्षा में राम भक्तों की परीक्षा ले रहा है तो दूसरी तरफ राम भक्त अपने प्रभु राम के नाम को स्मरण करते हुए संगीतमय प्रभात फेरी निकाल रहे हैं।

घुटनों तक पानी होने के बाद, पानी के इतना तेज बहने के बाद भी राम भक्त रुक नहीं रहे यह ईश्वर की ही कृपा है श्री राम का ही प्रताप है कि उसके प्रति जो लगन लगी है वह हम सभी को अपने आप ही स्वत सुबह-सुबह बरसते पानी में भी तैयार कर देती है कोई छाता लेकर आता है कोई भीगने के लिए तैयार होकर आता है और अपने-अपने संगीत के बाजे कोई झीका बजा रहा है कोई मजीरा बजा रहा है कोई डफली बजा रहा है इस तरह से आनंद के साथ प्रभात फेरी नियमित निकल रही है यह प्रभु राम की कृपा है सभी पर राम जी की कृपा ऐसी बनी रहे,प्रभात फेरी निकालने वालों में नियमित रूप से चलने वालों में प्रभात फेरी प्रमुख उदयभान रजक,बेनी प्रसाद चौरसिया, सिंगाराम चौरसिया,शिवराम साहू,अजय राठौर,अंकित बाथम, पप्पू राठौर, सहित 30 से अधिक मात्र शक्तियों रहती हैं।

# मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय जन्मोत्सव समारोह आरम्भ



मानव धर्म प्रवर्तक सदगुरु देव श्री सतपाल जी महाराज के 75 वें जन्मदिन पर मानव उत्थान सेवा समिति ग्वालियर द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय जन्मोत्सव समारोह का भव्य शुभारंभ श्री हंस विभू आश्रम तानसेन मार्ग से आध्यात्म जागरण यात्रा का शुभारंभ कर हुआ।बरसते पानी में आध्यात्म प्रेमी महिला पुरुषों ने यात्रा में बड़ी संख्या में भाग लिया। यात्रा का समापन मानव उत्थान सेवा समिति आश्रम ग्राम खेरिया में हुआ। जहां विभिन्न तीर्थ स्थलों से पधारे संत महात्माओं ने अपने प्रवचन किये। मुख्य वक्ता प्रयागराज से पधारे महात्मा श्री शारदानन्द जी ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज दुनिया से सनातन को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है।हमें सनातन की रक्षा करनी होगी इसके लिये देश के युवा वर्ग को आगे लाना होगा। युवाओं को जागरूक करने के लिए हमारे विद्यालयों में सनातन की शिक्षा अनिवार्य की जानी चाहिए।आश्रम प्रभारी साध्वी श्री हरीशा बाई जी ने जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बधाईयां प्रस्तुत कीं। समारोह में साध्वी श्री चन्द्र मणि बाई जी, साध्वी श्री परमार्थी बाई जी ने भी अपने विचार रखे। समारोह के दूसरे दिन आज दिनांक सात सितंबर को ग्राम खेरिया आश्रम में ही सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक रतन ज्योति नेत्रालय के सौजन्य से नेत्र परीक्षण शिविर और मेट्रो हास्पीटल के सौजन्य से स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है।

# जानकी वल्लभ मंदिर,नारायण आश्रम में श्रीराधा अष्टमी महोत्सव 19 को

**वृन्दावन, जीएनएस।**
केशव नगर स्थित जानकी वल्लभ मन्दिर (नारायण आश्रम) में श्रीराधा अष्टमी महोत्सव विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट (अयोध्या) एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि न्यास (मथुरा) के अध्यक्ष अनन्तश्री विभूषित स्वामी नृत्यगोपाल दास महाराज, श्रीमणिराम दास सेवा ट्रस्ट, वासुदेव घाट, अयोध्या के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास महाराज एवं श्रीरामाकृष्णा इंटरनेशनल (स्त्रद्ध) के अध्यक्ष स्वामी गुरु महेन्द्र दास महाराज के पावन सानिध्य में 19 सितम्बर को अत्यन्त श्रद्धा और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है।

श्री रामा कृष्ण इंटरनेशनल के सेक्रेटरी नरेश सहरावत ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत प्रातः 05¬30 बजे से 09 बजे तक श्रीराधा रानी का पंचामृत से अभिषेक होगा।तत्पश्चात भजन-कीर्तन, फूल बंगला, छप्पन भोग व झांकी दर्शन आदि के कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा मध्याह्न 12 बजे से संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा आदि के आयोजन सम्पन्न होंगे।

# शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करने का दिन...

**प्रस्तुति — गोपाल सिंह हिनवार (रिटायर्ड व्याख्याता)**

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितम्बर सन् 1888 में तिरुवल्लूर तिरुत्तनी, तमिलनाडु में हुआ। उनका परिवार आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले के सर्वपल्ली गाँव के रहने वाले थे। ये तेलगु नियोगी ब्राह्मण जाति के थे। पिता का नाम सर्वपल्ली-वीरास्वामी एवं माता का नाम सीताम्मा था। भारत के उपराष्टपति पद पर 1952 से 1962 तक एवं राष्टपति के रूप में 13 मई 1962 से 13 मई 1967 तक कार्यकाल रहा।

भारतीय संस्कृति के संवाहक एवं प्रख्यात शिक्षाविद्, महान दार्शनिक, एक आस्थावान हिन्दू विचारक थे। इन्हीं गुणों के कारण, सन् 1954 में भारत सरकार ने सर्वोच्च सम्मान %भारत रत्न% से इनको अलंकृत किया। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर बनने वाले पहले भारतीय थे।

सन् 1962 में राष्टपति पद पर रहते हुये उन्होंने अपने शिष्यों को सुझाव दिया कि मेरे जन्म दिवस 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप में, देश भर के शिक्षकों को सम्मान और उनके योगदान को समर्पित किया जाए। उनका मानना था कि शिक्षक समाज के वास्तविक निर्माता होते हैं और शिक्षा ही राष्ट का सही विकास कर सकती है।

इसलिए 5 सितम्बर, शिक्षक दिवस के रूप में, भारत में प्रत्येक वर्ष, शिक्षकों को आभार प्रकट करने के लिए मनाया जाता है।

आज के सन्दर्भ में शिक्षक वह व्यक्ति है जो अपने ज्ञान, अनुभव और कौशल से विद्यार्थियों को शिक्षित करता है। शिक्षक एक मूर्तिकार (कुम्भकार) की तरह होता है, जो विद्यार्थियों के मन को तराशकर आदर्श नागरिक बनाता है। शिक्षक विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानता है और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

शिक्षक केवल एक व्यक्ति ही नहीं होता वह ज्ञान का एक पुंज होता है जो अनेक विद्यार्थियों के जीवन को आलोकित करता है।

एक शिक्षक ही उन्नत एवं सशक्त राष्ट की नींव होता है। शिक्षक ही राष्ट का निर्माता है। शिक्षक के बिना एक सशक्त, विकसित एवं अच्छे खुशहाल राष्ट की कल्पना नहीं की जा सकती। केवल किताबी ज्ञान देने वाला ही शिक्षक नहीं होता, बल्कि वह हर इंसान शिक्षक है, जिसने आपको कुछ न कुछ सिखाया है।

शिक्षक का योगदान किसी भी राष्ट की प्रगति की नींव होता है। शिक्षक ही भविष्य के नेताओं, वैज्ञानिकों, कलाकारों और अच्छे नागरिकों का निर्माण करता है। शिक्षक का कार्य सिर्फ पाठ्यक्रम पढ़ाना नहीं होता, बल्कि विद्यार्थी के जीवन मूल्यों, अनुशासन और नैतिक शिक्षा के बारे में भी बताता है। ईश्वर ने व्यक्ति (शिक्षक) को कुछ योग्य समझकर ही विद्यालय में विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए भेजा होगा। इसलिए शिक्षक अपने कर्तव्य का पालन करते हुए, एक तालाब में कमल की तरह खिलकर उसे मनमोहक और खूबसूरत बनाता है।

स्थिरता, प्रज्ञा, और तूफानों के पार दूसरों को ले जाने का साहस, सुदृढ़ शिक्षक का मूल आधार है। शिक्षक निजी लाभ के लिए नहीं, बल्कि एक सुरक्षित वातावरण निर्मित करने के लिए है जिससे प्रत्येक विद्यार्थी प्रगति कर सके। शिक्षक यह भी जानता है कि विद्यार्थी का मन विचलित होने के समय में उसके लिए आधार बनना ही शिक्षक का धर्म है।

शिक्षक यह भी जानता है कि उसको कभी-कभी अनिश्चितता का भार स्वयं उठाना पड़ता है जिससे विद्यालय के अन्य शिक्षक अपने दायित्वों का निर्वाह पूर्ण दक्षता से कर सकें।

शिक्षक अडिग और स्थिर होता है। अपने मार्ग से कभी विचलित नहीं होता। यह विद्यार्थियों को स्मरण कराता है कि महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ, अवसर उतावलेपन से नहीं अपितु निरंतर एवं लक्ष्य प्राप्ति के प्रयासों का परिणाम होते हैं।

शिक्षक विद्यार्थियों को सिखाता है कि कब मौन, वाणी से श्रेष्ठ है और कब संयम, प्रहार से भी अधिक प्रभावी होता है।

दैनिक श्रमसाधना
www.shramsadhnanews.com
ग्वालियर शिवपुरी से प्रकाशित



### सागर त्रासदी ने फिर उठाया सवाल—मौत जनता की, राजस्व सरकार का और फायदा माफिया का?

# जहरीली शराब की कीमत कौन चुका रहा?

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

सागर के बंडा क्षेत्र में कथित जहरीली और अवैध शराब से हुई मौतों ने एक बार फिर देश के सामने वही पुराना सवाल खड़ा कर दिया है–आखिर जहरीली शराब का नेटवर्क बार-बार क्यों लौट आता है? हर घटना के बाद जांच, छापे, गिरफ्तारियां, निलंबन, मुआवजे और कठोर कार्रवाई के आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन कुछ समय बाद किसी दूसरे जिले या राज्य से ऐसी ही त्रासदी की खबर सामने आ जाती है। सवाल यह है कि क्या सरकारी तंत्र शराब माफिया से हमेशा एक कदम पीछे रहेगा?

6 सितंबर को सागर जिले के बंडा क्षेत्र से सामने आई घटना में मृतकों की संख्या को लेकर अलग-अलग प्रारंभिक रिपोर्टें सामने आई और बड़ी संख्या में लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी भी आई। प्रभावित गांवों में प्रशासन ने चिकित्सा और जांच दल तैनात किए। प्रारंभिक चिकित्सकीय आकलन में मेथनॉल विषाक्तता की आशंका जताई गई, हालांकि मौतों का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम और रासायनिक जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

**स्थानीय घटना नहीं, संगठित नेटवर्क की आशंका**

प्रारंभिक जांच से जुड़ी रिपोर्टों में उत्तर प्रदेश के ललितपुर से कथित नकली शराब नेटवर्क का संबंध सामने आने की बात कही गई है। नकली शराब को असली ब्रांड जैसा दिखाने के लिए नकली लेबल, ढक्कन और क्यूआर कोड के इस्तेमाल तथा उसे वाहनों और मोटरसाइकिलों के जरिए मध्यप्रदेश के गांवों तक पहुंचाने के आरोपों की भी जांच की जा रही है। कुछ रिपोर्टों में शराब दुकानों को सील किए जाने की जानकारी भी सामने आई है।

यदि जांच में यह नेटवर्क सही साबित होता है तो मामला केवल अवैध शराब बेचने वाले कुछ लोगों तक सीमित नहीं रहेगा। तब जांच का दायरा उत्पादन, कच्चे माल और रसायनों की आपूर्ति, पैकेजिंग, परिवहन, वितरण और स्थानीय बिक्री तक बढ़ाना होगा। नकली ब्रांडिंग और क्यूआर कोड जैसी व्यवस्था यह संकेत देती है कि अवैध कारोबार करने वाले अब तकनीक का इस्तेमाल भी कर रहे हैं।

**असली सवाल—निगरानी तंत्र कहां टूटता है?**

शराब दुकानों की निगरानी, अवैध बिक्री की पहचान, संदिग्ध शराब की जांच, स्टॉक और दस्तावेजों का सत्यापन तथा अवैध नेटवर्क पर कार्रवाई पुलिस और आबकारी व्यवस्था की जिम्मेदारियों का हिस्सा है। ऐसे में किसी क्षेत्र में लंबे समय तक अवैध शराब का कारोबार चलता रहा हो तो स्थानीय सूचना तंत्र और विभागीय निगरानी की प्रभावशीलता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।



हालांकि बिना जांच किसी अधिकारी को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। यह जांच से तय होना चाहिए कि कहीं विभागीय लापरवाही हुई, स्थानीय स्तर पर मिलीभगत थी या फिर अपराधियों ने निगरानी व्यवस्था को चकमा दिया। लेकिन यदि शिकायतों की अनदेखी, संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई में देरी या जानबूझकर लापरवाही प्रमाणित होती है तो जवाबदेही केवल शराब माफिया तक सीमित नहीं रह सकती।

**राजस्व बनाम जीवन का विरोधाभास**

शराब कई राज्यों के लिए महत्वपूर्ण राजस्व का स्रोत है। सरकार एक ओर शराब के कारोबार को लाइसेंस और नियमन के जरिए नियंत्रित करती है, वहीं दूसरी ओर इसी व्यवस्था के समानांतर अवैध बाजार पनपता है। इसका अर्थ यह नहीं कि वैध शराब कारोबार जहरीली शराब की घटनाओं का कारण है, लेकिन यह जरूर सवाल खड़ा करता है कि क्या नियामक व्यवस्था अवैध कारोबार को रोकने के लिए पर्याप्त मजबूत है?

नकली बोतल, नकली लेबल और नकली क्यूआर कोड उपभोक्ता के लिए असली और नकली उत्पाद में अंतर करना मुश्किल बना देते हैं। इसलिए शराब से मिलने वाले राजस्व की चर्चा के साथ उपभोक्ता सुरक्षा और नियामक क्षमता पर भी उतना ही गंभीर विमर्श होना चाहिए।

**एक मौत के पीछे पूरा परिवार टूटता है**

जहरीली शराब की त्रासदी को केवल मृतकों की संख्या से नहीं मापा जा सकता। एक व्यक्ति की मौत के पीछे उसका परिवार, बच्चों की शिक्षा, घर की आय और भविष्य की योजनाएं जुड़ी होती हैं। कमाने वाले सदस्य की मौत परिवार को आर्थिक संकट में धकेल सकती है। चिकित्सा खर्च और कर्ज का बोझ अलग समस्या बन सकता है।

इसलिए जहरीली शराब की सामाजिक कीमत सरकारी राजस्व के किसी आंकड़े से कहीं बड़ी है। नागरिक जीवन की सुरक्षा किसी भी आर्थिक लाभ से ऊपर होनी चाहिए।

**अब राष्ट्रीय रणनीति की जरूरत**

अवैध शराब को केवल स्थानीय कानून-व्यवस्था की समस्या मानकर इससे स्थायी समाधान संभव नहीं है। अंतरराज्यीय नेटवर्क की जांच के लिए राज्यों के बीच मजबूत सूचना-साझाकरण तंत्र जरूरी है। पुलिस, आबकारी, स्वास्थ्य विभाग, फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं और जिला प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय बनाया जाना चाहिए।

संदिग्ध शराब की तत्काल जांच, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान, लाइसेंसी दुकानों की डिजिटल निगरानी, शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई और दोषी अधिकारियों की जवाबदेही को व्यवस्था का हिस्सा बनाना होगा। इसके साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जहरीली शराब के मामलों की तत्काल पहचान और उपचार के लिए चिकित्सा तंत्र को भी मजबूत करना जरूरी है, क्योंकि ऐसे मामलों में समय बेहद महत्वपूर्ण होता है।

**सवाल केवल माफिया से नहीं, सिस्टम से भी**

सागर की घटना को केवल शराब पीने वालों की व्यक्तिगत गलती बताकर समाप्त करना समस्या की जड़ से बचना होगा। व्यक्तिगत जिम्मेदारी अपनी जगह है, लेकिन यदि जांच में नकली शराब का उत्पादन, संगठित परिवहन, फर्जी पैकेजिंग, अवैध बिक्री और अंतरराज्यीय नेटवर्क सामने आता है तो शासन की जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए।

शराब माफिया दोषी है तो उसकी पूरी सप्लाई चेन तोड़नी होगी। अधिकारी दोषी पाए जाते हैं तो उनकी जवाबदेही तय करनी होगी। निगरानी व्यवस्था कमजोर है तो उसमें बदलाव करना होगा और यदि कहीं मिलीभगत प्रमाणित होती है तो कार्रवाई केवल छोटे विक्रेता तक सीमित नहीं रहनी चाहिए।

**अब जांच नहीं, स्थायी समाधान चाहिए**

सागर से उठता सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या राज्य व्यवस्था हर बार घटना के बाद कार्रवाई करेगी या ऐसी व्यवस्था बनाएगी जो माफिया के उत्पाद को बाजार तक पहुंचने से पहले ही रोक दे?

जनता को हर त्रासदी के बाद मृतकों की संख्या, गिरफ्तार आरोपियों और जांच की घोषणा भर नहीं चाहिए। उसे भरोसा चाहिए कि किसी गांव में नकली शराब की बोतल किसी परिवार के लिए मौत बनकर नहीं पहुंचेगी।

क्योंकि अंततः यह सवाल शराब का नहीं, मानव जीवन की कीमत का है। लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में नागरिक का जीवन किसी भी राजस्व से बड़ा होना चाहिए।

### पूंजी, अंतरिक्ष, विदेशी मुद्रा और ब्रिक्स से 2047 की निर्णायक राह

# भारत की नई वैश्विक आर्थिक छलांग

आज दुनिया में किसी देश की आर्थिक ताकत का आकलन केवल सकल घरेलू उत्पाद, शेयर बाजार या विदेशी मुद्रा भंडार से नहीं किया जाता। वास्तविक शक्ति इस बात से तय होती है कि कोई देश वैश्विक पूंजी को कितना आकर्षित कर सकता है, अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को कितना सुरक्षित रख सकता है, तकनीकी और रणनीतिक क्षेत्रों में कितनी आत्मनिर्भरता हासिल कर सकता है और बदलती विश्व व्यवस्था में अपनी आवाज को कितना प्रभावशाली बना सकता है।

इसी दृष्टि से वर्ष 2026 भारत के लिए महत्वपूर्ण है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अंतरराष्ट्रीय आर्थिक कूटनीति, जी-20 में भारत की सक्रिय भूमिका, ईओएस-05 जैसे पृथ्वी अवलोकन उपग्रह की सफलता, विदेशी मुद्रा भंडार का रिकॉर्ड स्तर और सितंबर में होने वाला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन–ये घटनाएं अलग-अलग दिखाई देती हैं, लेकिन इनके पीछे एक साझा कहानी है। भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में केवल भागीदार नहीं, बल्कि प्रभावशाली शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

**आर्थिक कूटनीति से निवेश का भरोसा**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की हालिया अंतराष्ट्रीय यात्रा इस बदलाव का महत्वपूर्ण हिस्सा है। निवेशकों, कंपनियों और वित्तीय क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ उनकी बैठकों तथा जी-20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व आर्थिक कूटनीति की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

वैश्विक स्तर पर व्यापार तनाव, ऊर्जा कीमतों, ऋण संकट और भू-राजनीतिक संघर्षों के बीच निवेशकों के सामने अनिश्चितता बढ़ी है। ऐसे समय में भारत दीर्घकालिक निवेश, उत्पादन और तकनीकी विस्तार के लिए खुद को महत्वपूर्ण गंतव्य के रूप में प्रस्तुत कर रहा है।

इसका असर भारतीय शेयर बाजार पर भी पड़ सकता है। विदेशी निवेशक किसी बाजार में पूंजी लगाने से पहले आर्थिक वृद्धि, मुद्रा स्थिरता, विदेशी मुद्रा भंडार, राजकोषीय स्थिति, नीतिगत स्थिरता और कंपनियों की संभावनाओं को देखते हैं। इन मोर्चों पर भरोसा बढ़ने से दीर्घकालीन विदेशी पूंजी का प्रवाह मजबूत हो सकता है। हालांकि वैश्विक ब्याज दरें, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड, कच्चे तेल की कीमतें, युद्ध और व्यापार नीतियां बाजार में अस्थिरता पैदा कर सकती हैं।

**740 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार**

भारत के रिकॉर्ड विदेशी मुद्रा भंडार ने आर्थिक तस्वीर को और मजबूत किया है। 28 अगस्त 2026 को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 11.475 अरब डॉलर बढ़कर 740.803 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां करीब 600.67 अरब डॉलर और स्वर्ण भंडार करीब 116.41 अरब डॉलर रहा।

इतना बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार वैश्विक आर्थिक झटकों के सामने सुरक्षा कवच की तरह काम करता है। डॉलर की मजबूती, पूंजी बाजारों से अचानक निकासी या कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जैसी परिस्थितियों में पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार भारतीय रिजर्व बैंक को बाजार में व्यवस्थित हस्तक्षेप और रुपये में अत्यधिक अस्थिरता को नियंत्रित करने की क्षमता देता है।

हालांकि ऊंचा विदेशी मुद्रा भंडार अपने आप रुपये को स्थायी रूप से मजबूत नहीं करता। कच्चे तेल का आयात, डॉलर की वैश्विक मांग, ब्याज दरों का अंतर और पूंजी प्रवाह जैसे कारक रुपये की दिशा तय करते हैं। इसलिए रिकॉर्ड भंडार को वित्तीय मजबूती का संकेत माना जाना चाहिए, न कि बाजार में निश्चित तेजी की गारंटी।

**अंतरिक्ष से खुल रहे निवेश के नए रास्ते**

भारत की आर्थिक शक्ति की कहानी में अंतरिक्ष क्षेत्र भी तेजी से महत्वपूर्ण हो रहा है। ईओएस-05 मिशन भारत की तकनीकी और रणनीतिक क्षमता के विस्तार का संकेत देता है। पृथ्वी अवलोकन से जुड़ी यह क्षमता मौसम, कृषि, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण निगरानी और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में उपयोगी हो सकती है।

अंतरिक्ष तकनीक अब केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं रह गई है। पृथ्वी अवलोकन, संचार, नेविगेशन, प्रक्षेपण सेवाओं, उपग्रह डेटा और अंतरिक्ष आधारित सेवाओं में क्षमता बढ़ने से निजी अंतरिक्ष कंपनियों के साथ रक्षा तकनीक, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, सेंसर, सॉफ्टवेयर और डेटा विश्लेषण जैसे क्षेत्रों के लिए भी नए बाजार बन सकते हैं।

भविष्य में अंतरिक्ष और साइबर क्षेत्र की रणनीतिक भूमिका बढ़ने की संभावना है। ऐसे में भारत के लिए अंतरिक्ष को वैज्ञानिक उपलब्धि के साथ आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा अवसंरचना के रूप में विकसित करना महत्वपूर्ण होगा। यह क्षेत्र विजन-2047 की तकनीकी शक्ति का प्रमुख स्तंभ बन सकता है।

**ब्रिक्स से बहुध्रुवीय विश्व में बढ़ेगा प्रभाव**

12 और 13 सितंबर 2026 को नई दिल्ली में होने वाला 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भारत की वैश्विक आर्थिक कूटनीति के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। भारत 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। ब्रिक्स अब केवल नेताओं की बैठक नहीं रह गया है, बल्कि व्यापार, वित्त, निवेश, तकनीक और विकास सहयोग का विस्तृत मंच बनता जा रहा है।

ब्रिक्स और जी-7 को केवल कौन जीता और कौन हारा के नजरिए से देखना उचित नहीं होगा। जी-7 की ताकत विकसित अर्थव्यवस्थाओं, वैश्विक वित्तीय संस्थानों, तकनीकी कंपनियों और पूंजी बाजारों में है, जबकि ब्रिक्स का महत्व उभरती अर्थव्यवस्थाओं, ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधनों, बड़े उपभोक्ता बाजारों और ग्लोबल साउथ की आवाज से जुड़ा है।

दुनिया एकध्रुवीय व्यवस्था से अधिक बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रही है। ऐसे में भारत के लिए ब्रिक्स एक महत्वपूर्ण मंच है। यदि भारत व्यापार, डिजिटल भुगतान, स्थानीय मुद्राओं में कारोबार, ऊर्जा सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों, विकास वित्त, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक पहल आगे बढ़ाता है तो भारतीय कंपनियों के लिए नए बाजार खुल सकते हैं।

**शेयर बाजार से आगे है भारत की निवेश कहानी**

इन सभी घटनाओं का भारतीय शेयर बाजार पर मनोवैज्ञानिक और वास्तविक प्रभाव पड़ सकता है। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों के खिलाफ भरोसा देता है, आर्थिक कूटनीति विदेशी निवेशकों का विश्वास बढ़ा सकती है और अंतरिक्ष तथा रक्षा तकनीक नए औद्योगिक अवसर पैदा कर सकते हैं। ब्रिक्स और जी-20 में भारत की सक्रियता भारतीय कंपनियों के लिए नए वैश्विक बाजार खोल सकती है।

### 'बेटी है तो कल है' संस्था ने आयोजित किया 14वां शिक्षक रत्न सम्मान समारोह

# 51 शिक्षिकाओं को मिला शिक्षक रत्न सम्मान



**ग्वालियर जीएनएस**

'बेटी है तो कल है' सामाजिक संस्था की ओर से शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को राष्ट्रोत्थान न्यास में 14वें शिक्षक रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों की 51 महिला शिक्षिकाओं को शील्ड एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आईपीएस सुमन गुर्जर एवं राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय की कुलगुरु आचार्या सुमिता सहस्त्रबुद्धे उपस्थित रहीं। अध्यक्षता बजरंग दल मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय संयोजक विश्ववर्धन भट्ट ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वंदना भूपेंद्र प्रेमी ने किया, जबकि आभार प्रवीण पवार ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कुलगुरु आचार्या सुमिता सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि शिक्षिका होना गर्व की बात है। शिक्षिकाएं अपने परिवार के साथ अन्य परिवारों के बच्चों का भविष्य संवारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

आईपीएस सुमन गुर्जर ने कहा कि भारतीय परंपरा में गुरु का स्थान अत्यंत सम्माननीय माना गया है। यह हर्ष का विषय है कि संस्था द्वारा बड़ी संख्या में महिला शिक्षिकाओं को सम्मानित किया जा रहा है।

विश्ववर्धन भट्ट ने सम्मानित शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के भटकते युवाओं को सही दिशा देने में शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उनके प्रयासों से ही देश के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संभव है।

भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी हैं, जो बच्चों को घर और विद्यालय दोनों से मिलते हैं। राष्ट्र के उत्थान में शिक्षकों की अहम भूमिका है।

समारोह में शासकीय विद्यालयों, जीवाजी विश्वविद्यालय, केआरजी महाविद्यालय, माधव महाविद्यालय, शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, आईटीएम सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों की प्राचार्य एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर डीसी तिवारी, डॉ. संगीता राजेश कटारे, गिर्राज शर्मा, बालकिशन शर्मा, राखी परमार, नीतू तोमर, मनोज पचौरी, भावना राजपूत, कविता खंडेलवाल, मधु चौहान, रचना अग्रवाल, ममता तोमर सहित संस्था की सदस्याएं मौजूद रहीं।

### विधायक महेंद्र यादव ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का शॉल-श्रीफल से किया सम्मान

# बैराड़ में यादव समाज ने धूमधाम से निकाली भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा



**शिवपुरी/बैराड़ जीएनएस**

तहसील बैराड़ में यादव समाज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के दूसरे दिन आयोजित इस शोभायात्रा में समाजजनों सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शोभायात्रा का शुभारंभ सिद्ध आश्रम से हुआ। विभिन्न मार्गों से होती हुई शोभायात्रा विराटनगर बैराड़ पहुंची, जहां श्रद्धालुओं और समाजजनों ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों के साथ उत्साह और उमंग का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा में धार्मिक झांकियां एवं भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े विभिन्न स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहे। पूरे मार्ग में वातावरण भक्तिमय नजर आया। अंत में शोभायात्रा पुनः सिद्ध आश्रम पहुंचकर संपन्न हुई।

**सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक महेंद्र यादव ने यादव समाज के सेवानिवृत्त शिक्षकों का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। उन्होंने समाज और शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों द्वारा दिए गए योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक समाज को दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं और उनका सम्मान करना पूरे समाज का दायित्व है। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित इस भव्य शोभायात्रा को लेकर यादव समाज और क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम ने समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने का संदेश दिया।

# ब्राह्मण छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह 13 को होगा

**शिवपुरी जीएनएस**

सकल ब्राह्मण महासमिति ग्वालियर द्वारा 13 सितंबर को सुबह 10 बजे, बड़े हनुमान तुलसी आश्रम, कत्था मिल के सामने, शिवपुरी में मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर श्री पुरुषोत्तम दास महाराज एवं मुख्य वक्ता पाताल पुरी पीठ के जगतगुरु बालक देवाचार्य जी महाराज, काशी तथा सकल ब्राह्मण महासमिति ग्वालियर के संस्थापक डॉ जयवीर भारद्वाज तथा सकल ब्राह्मण महासमिति के अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा अध्यक्षता में 18 वां निःशुल्क ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

प्रतिभाशाली छात्राओं में सनाढ्य, भार्गव, कान्यकुब्ज, आदि गौड, महाराष्ट्रीयन ,ब्रह्म भट्ट, सिन्धी, कश्मीरी, पंजाबी, गुजराती, बरूआ, जिझोतिया, भूमिहार एवं अन्य सभी विवाह योग्य युवक युवती बायोडाटा पंजीयन निशुल्क प्रतिदिन वाट्सएप नम्बर 9977829353, 9981096856 पर भेज सकते हैं, सायं 6 बजे से 7:30 बजे तक ब्राह्मण रिश्ता केंद्र, भारद्वाज मेंशन दौलतगंज यूको बैंक के बगल में श्री देवेन्द्र कुमार पाठक को 5 सितंबर तक निःशुल्क जमा कर सकते हैं। सम्मेलन के स्वागताध्यक्ष कुंजू बिहारी पाराशर, मुख्य संयोजक श्रीनिवास उपाध्याय, महावीर मुदगल, महामंत्री डॉ मुन्नालाल शर्मा हरगोविंद शर्मा ने कहा कि 11 सितंबर को सायं बजे वैदिक मंत्रोच्चारण से पंडित गिरिराज गुरुजी के मुख्य आचार्यत्व में सम्पन्न होगा। स्मारिका का कूपन 11 सितंबर से मिलेंगे।



# भाविप शाखा विवेकानंद के संस्कृति सप्ताह में बच्चों को दिया मोबाइल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण

**शिवपुरी जीएनएस**

समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद शाखा विवेकानंद द्वारा आयोजित संस्कृति सप्ताह के अंतर्गत चतुर्थ दिवस पर बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लक्ष्मी निवास के पास स्थित हरिओम मोबाइल पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को मोबाइल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण देने के साथ-साथ मोबाइल व्यवसाय एवं दुकानदारी के आवश्यक गुण भी सिखाए गए। लगभग दो माह से संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बच्चों ने मोबाइल रिपेयरिंग की बारीकियां सीखीं। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात सभी बच्चे अब अपनी-अपनी मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान शुरू करने के लिए तैयार हैं। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को हुनर प्रदान कर उन्हें रोजगार के लिए सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन संस्कृति सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर किया गया। संयोग से आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व भी है। परिषद के सदस्यों का मानना है कि बच्चों को हुनर देकर उनके जीवन में आत्मनिर्भरता का मार्ग खोलने से बेहतर इस शुभ कार्य के लिए कोई दिन नहीं हो सकता।

### संतुलित आहार, स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश

# सेवा भारती ने किया 'सुपोषण भारत अभियान' का शुभारंभ

**शिवपुरी जीएनएस**

सेवा भारती शिवपुरी द्वारा सुपोषण भारत अभियान के अंतर्गत आज विद्यापीठ में अभियान के उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शिवपुरी डॉ. संजय ऋषिश्वर, विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबंधक पवन शर्मा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा भारती जिला उपाध्यक्ष शैलेश विरमानी ने की। इस अवसर पर ओम बंसल सहित सेवा भारती एवं विद्यालय परिवार के अनेक कार्यकर्ता एवं शिक्षक बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात सेवा भारती शिवपुरी के विभाग समन्वयक अर्जुन सिंह दांगी द्वारा उपस्थित अतिथियों का परिचय कराया गया। अतिथियों का स्वागत सेवा भारती छात्रावास के पूर्व छात्र राम कुमार आदिवासी एवं सहायक अधीक्षक अनुज मुद्गल द्वारा किया गया।



मुख्य अतिथि डॉ. संजय ऋषिश्वर ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए हम सभी को अपने आहार को व्यवस्थित एवं संतुलित रूप से लेने की आवश्यकता है। भोजन के साथ व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना भी आवश्यक है, जिससे अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे भोजन में विभिन्न रंगों की मौसमी सब्जियां एवं फलों को शामिल करना चाहिए, ताकि शरीर को आवश्यक विटामिन एवं पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में प्राप्त हो सकें। डॉ. ऋषिश्वर ने कहा कि सेवा भारती एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सुपोषण भारत अभियान को व्यापक एवं प्रभावी स्तर पर संचालित करने के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शैलेश विरमानी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सेवा भारती जिला सह सचिव उत्तम सिंह कुशवाहा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य लोकेन्द्र मेवाड़ा, विद्यालय के सह-प्रबंधक जितेन्द्र परसाई, शिक्षक बंधु एवं सेवा भारती के कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सुपोषण भारत अभियान का उद्देश्य समाज में संतुलित आहार, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुए स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण में सहभागिता सुनिश्चित करना है।

08 sep 2026 gwl.qxd 9/8/2026 5:31 PM Page 8



# बालिकाओं के हाथों में सजे मेंहदी के रंग, चित्रकारी में दिखी प्रतिभा

**विप्रा ब्राह्मण महिला मंच ने वन स्टॉप सेंटर में बालिकाओं के साथ बिताया समय, शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक**

**ग्वालियर, जीएनएस।**

विप्रा ब्राह्मण महिला मंच की महिलाओं ने वन स्टॉप सेंटर पहुंचकर वहां रह रही बालिकाओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान महिलाओं ने बालिकाओं को मेंहदी लगाने और चित्रकारी करने का प्रशिक्षण दिया। बालिकाओं ने भी उत्साह के साथ रचनात्मक गतिविधियों में हिस्सा लिया।



मंच की संस्थापक डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने बताया कि अध्यक्ष शिवानी चतुर्वेदी ने बालिकाओं को चित्रकारी सिखाई। श्रुति उपाध्याय ने सेनेटरी नैपकिन वितरित किए। सचिव डॉ. राजरानी शर्मा ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। वहीं बालिकाओं को पाठ्य सामग्री भी प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने बालिकाओं को संदेश देते हुए कहा कि हर बालिका के अंदर कोई न कोई प्रतिभा जरूर होती है। जरूरत है उसे पहचानने और निखारने की। शिक्षा के साथ रचनात्मक गतिविधियों से जुड़कर आत्मविश्वास बढ़ाया जा सकता है। अपने हुनर और शिक्षा को साथ लेकर बालिकाएं अपने जीवन को बेहतर दिशा दे सकती हैं। सुमन शर्मा ने बालिकाओं को शिक्षा के माध्यम से बेहतर भविष्य बनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में शैलजा मिश्रा, रश्मि त्रिपाठी, सपना पारशर, पल्लवी शर्मा, कृष्णा शर्मा, अनीता तिवारी, ज्योति शर्मा, नीतू उपमन्यु, अर्चना शर्मा, किरण मिश्रा सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# कर्मचारियों की मुट्ठी बंधी तो मजबूत होगी संगठन की ताकत, अधिकारों की लड़ाई को मिलेगा नया बल

**ग्वालियर, जीएनएस।**

कर्मचारी एकजुट रहेंगे तो संगठन की आवाज मजबूत होगी और अधिकारों की लड़ाई को भी नई ताकत मिलेगी। संगठन की मजबूती कर्मचारियों की संख्या या पदाधिकारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक कर्मचारी की सक्रिय भागीदारी और आपसी सहयोग से तय होती है। इसी उद्देश्य को लेकर सत्कार होटल, सिटी सेंटर में पशुपालन एवं डेयरी विभाग तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी विभागीय कर्मचारी कल्याण समिति का संभागीय कर्मचारी सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में ग्वालियर संभाग के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में कर्मचारी और पदाधिकारी शामिल हुए। कर्मचारियों की लंबित समस्याओं, उनके निराकरण, संगठन की भावी कार्ययोजना, सदस्यता विस्तार और कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों पर मंथन किया गया। पदाधिकारियों ने कर्मचारियों से संगठन के प्रति विश्वास बनाए रखने और किसी भी समस्या के समाधान के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने का आह्वान किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदर्श लालटिपारा गौशाला के ऋषभदेवानंद महाराज रहे। संयुक्त संचालक डॉ. अनिल अग्रवाल और उप संचालक डॉ. दिलीप गुप्ता सहित विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के प्रांतीय अध्यक्ष सचिन शर्मा ने की। सम्मेलन की शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन, मां सरस्वती के पूजन एवं सरस्वती वंदना के साथ की। वक्ताओं ने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत उसके पदाधिकारियों में नहीं, बल्कि प्रत्येक कर्मचारी की एकजुटता में होती है। कर्मचारी यदि संगठन के साथ सक्रिय रूप से जुड़े रहेंगे तो उनकी समस्याओं को प्रभावी तरीके से विभागीय स्तर पर उठाया जा सकेगा। आपसी सहयोग और विश्वास के साथ संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

# लड्डू पालकी शोभा यात्रा भक्तों ने बड़े धूमधाम से निकाली नगर में

**जालौन, जीएनएस।**

कड़ी सुरक्षा के चलते भगवान कृष्ण जी के जन्म उपलक्ष पर मंदिर प्रांगण से महंत के सानिध्य में भक्तों ने नगर के विभिन्न सड़कों से लड्डू पालकी शोभा यात्रा बड़े धूमधाम से निकाली गई एवं कृष्ण कन्हैया लाल की जय उद्घोष नारों से नगरी चहुओर रोमांचक सुशोभित होती हुई नजर आई।



रविवार को शाम 4 बजे आलमपुर स्थित बनखंडी मंदिर मां देवी दरबार से पुजारी ने वेद मित्रों के उच्चारण से पूजा अर्चना की इसके उपरांत महंत जमुनादास महाराज के सानिध्य में मौजूद भक्तों ने मंदिर प्रांगण से लड्डू पालकी का आगाज किया वही शोभा यात्रा खोया मंडी तथा टरननगंज चौराहा से राम जानकी मंदिर मुन्ना फुल पावर चौराहा से दुर्गा मंदिर चौराहा से होते हुए कोतवाली कालपी चौराहा से गणेशगंज स्थित सब्जी मंडी चौराहा से रेलवे स्टेशन चौराहा से पुरानी इलाहाबाद बैंक होते हुए बाजार से आलमपुर स्थित से सीधे मां बनखंडी मंदिर दरबार में पहुंचकर डीजे की ध्वनि एवं बड़े धूमधाम से तथा वेद मत्रों के उच्चारण से पूजा अर्चना कर लड्डू गोपाल पालकी यात्रा का समापन किया गया।

# 'समरसता संकल्प अभियान' कलश वंदना यात्रा निकाली गयी

आज घ्ऑतरीड्ढमंडल मे संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी के समरसता, समानता और भाईचारे के पावन संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ 'समरसता संकल्प अभियान' कलश वंदना यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा - ग्राम फतेहपुर में मंडल के महामंत्री विकास शर्मा द्वारा पूजा अर्चन करने के बाद कलश यात्रा प्रारंभ की गई एवं खैरवाया, पिपरो होते हुए ग्राम समया में समापन किया गया



इस अवसर पर कुक्कूट विकाश निगम मध्यप्रदेश के अध्यक्ष श्री केशव सिंह बघेल जी ,जिला महामंत्री श्रीमति अनीता खेमरिया जी व मंडल अध्यक्ष श्री कुलवंत सिंह बाजवा जी व

कार्यक्रम जिला सहसंयोजक अजीत यादव जी, कार्यक्रम मंडल संयोजक मुकेश पटेल जी, भारत यादव जी ,शैलेंद्र सिंह जी, भूपेंद्र गुर्जर जी ,भूपेंद्र गौड जी, दिनेश शर्मा जी घनश्याम शर्मा जी , तनुज पचौरी जी, सोनू राणा जी सरपंच खैरवाया, कप्तान सिंह सेन जी सरपंच समया, उदयभान बघेल जी, हरिमोहन कुशवाहा जी, मजबूत बंसल जी , रणवीर जाटव जी, जगपाल राणा जी लायकराम कुशवाहा जी, दयाराम बघेल जी, ओम प्रकाश गौड जी बंटी जाटव जी, राकेश कुशवाहा जी, सोनू जाटव जी सुमेश कुशवाहा जी शंकर कुशवाह पार्षद ,छोटू पार्षद, एकेश शर्मा,बल्लू ओझा एवं मंडल सभी पदाधिकारीगण व भारतीय जनता पार्टी ऑतरी मंडल के सभी ज्येष्ठ, श्रेष्ठ कार्यकर्त्तागण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतः सभी ने इस पावन यात्रा में सम्मिलित होकर संत रविदास महाराज जी के विचारों और आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# सुरक्षित सफर और ग्रीन मोबिलिटी हमारी प्राथमिकता – मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**इन्दौर में 11-12 सितम्बर को होगी 'यात्री परिवहन विजन समिट-2026'**



**भोपाल, जीएनएस।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में आधुनिक परिवहन व्यवस्था के विस्तार के साथ सुरक्षित सफर और ग्रीन मोबिलिटी को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने %एक्स% पर संदेश में कहा कि मध्यप्रदेश में सुरक्षित, सुगम और पर्यावरण अनुकूल यात्री परिवहन व्यवस्था को नई दिशा देने के उद्देश्य से आगामी 11 एवं 12 सितम्बर को इंदौर में 'यात्री परिवहन विजन समिट-2026' का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश का संकल्प है कि हर यात्री को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक परिवहन की सुविधा मिले। सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल और प्रभावी बनाने में सार्वजनिक-निजी भागीदारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यात्री परिवहन विजन समिट इसी दिशा में भविष्य की ठोस रूपरेखा तैयार करेगा। समिट में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण तथा इसमें सार्वजनिक-निजी भागीदारी की भूमिका पर विशेषज्ञों, निवेशकों और नीति-निर्माताओं द्वारा विचार-विमर्श किया जाएगा। समिट का फोकस सुरक्षित परिवहन के साथ हरित परिवहन और बेहतर मोबिलिटी की दिशा में नए अवसर तलाशने पर केंद्रित रहेगा।

यह समिट प्रदेश की यात्री परिवहन व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित, टिकाऊ और तकनीक-सक्षम बनाने के लिए संभावित निवेश और साझेदारी के नए द्वार खोलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# वाराणसी में 'पंजाबी विरसा धमाल टीम' ने रचा सांस्कृतिक रंग में 'गुट ते परंदा- तीज का मेला' का शानदार आयोजन

**वाराणसी, जीएनएस।**

काशी में पंजाबी विरासत और लोक संस्कृति के रंगों को बिखेरते हुए 'पंजाबी विरसा धमाल टीम वाराणसी' द्वारा गुरुबाग स्थित केशरी रेस्टोरेंट में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम ÷गुट ते परंदा -तीज का मेला÷ का अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम से सफल आयोजन संपन्न हुआ 7 पारंपरिक पंजाबी रीति-रिवाजों के साथ आयोजित इस तीज मेले में महिलाओं और आगंतुकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया 7 काशी की महिलाओं ने तीज के अवसर पर पंजाबी लोकगीतों और पारंपरिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी संस्कृति, सभ्यता और विरासत को सहेजने का संदेश दिया 7 'पंजाबी विरसा' के आयोजन में महिलाओं ने लोकगीतों के जरिए पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत किया 7



कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रीति तनेजा (गुरप्रीत कौर) ने कहा कि 'पंजाबी विरसा' का उद्देश्य केवल मनोरंजन करना नहीं,बल्कि पंजाबी संस्कृति,परंपराओं और विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है 7 तीज का आयोजन आपसी प्रेम और सांस्कृतिक जुड़ाव को मजबूत करने का सुंदर प्रयास है उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे इसके लिए ऐसे आयोजनों की जरूरत है 7

?कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण एवं प्रस्तुतियां

(1)- एस्पायरिंग क्वींस की विशेष परफॉर्मेंस

कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा प्रस्तुत ÷एस्पायरिंग क्वींस÷ की शानदार स्पेशल परफॉर्मेंस आकर्षण का मुख्य केंद्र रही जिसने उपस्थित दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं 7

(2)- ?सांस्कृतिक रंग-तरंग

ढोल की थाप पर भांगड़ा और पारंपरिक पंजाबी लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को पंजाबी लोक संस्कृति के रंग में रंग दिया 7

(3)- ?रंगारंग ड्रेस कोड

तीज के उत्सव को और भी खास बनाने के लिए %मल्टीकलर% ड्रेस कोड रखा गया था जिसमें प्रतिभागी पारंपरिक एवं आकर्षक परिधानों में सजे-धजे नजर आए। (4)- ?खान-पान और मनोरंजन

अतिथियों ने पारंपरिक लजीज व्यंजनों का स्वाद चखने के साथ-साथ विभिन्न मनोरंजक खेलों का भरपूर आनंद लिया 7

तीज महोत्सव कार्यक्रम में पंजाबी विरसा निष्काम सेवा वाराणसी की अध्यक्ष प्रीति तनेजा (गुरप्रीत कौर),कवलजीत कौर, रीता चौधरी,स्नेहा रुपानी,गीता कटियार, संगीता भाटिया और कोमल सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने सहभागिता की 7 महिलाओं ने पंजाबी लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पारंपरिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया। पंजाबी विरसा निष्काम सेवा वाराणसी की अध्यक्ष प्रीति तनेजा (गुरप्रीत कौर) और संगीता भाटिया ने बताया कि कार्यक्रम की व्यवस्था एवं गुणवत्ता को उत्कृष्ट बनाए रखने के लिए सीमित सीटों का आयोजन किया गया था ताकि सभी अतिथि सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और खान पान का सहजता से आनंद ले सकें।

दैनिक श्रमसाधना
www.shramsadhnanews.com
ग्वालियर शिवपुरी से प्रकाशित



# टीईटी के विरोध में शिक्षक दिवस पर काली पट्टी बाँधकर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ग्वालियर के जिला संयोजक लक्ष्मी नारायण जाटव ने बताया कि प्रांतीय स्तर पर पूर्व निर्धारित विरोध प्रदर्शन के क्रम में सभी शिक्षकों ने अपने अपने स्कूलों पर पहुंच कर शिक्षक दिवस पर टीईटी की अनिवार्यता सम्बंधी आदेश का बहिष्कार किया और काली पट्टी बाँध कर काम किया दोपहर बाद हाफ डे ष्टरु पंच करके 04 बजे न्यू कलेक्ट्रेट ग्वालियर पर एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया ग्वालियर में संयुक्त मोर्चा के किसी शिक्षक पदाधिकारी ने शिक्षक दिवस पर कोई सम्मान प्राप्त नही किया,शिक्षकों का कहना है कि जब सरकार हमें योग्य शिक्षक ही नही मान रही है और 25 साल की सेवा अनुभव के बाद भी पात्रता परीक्षा के नाम पर शिक्षकों का शोषण किया जा रहा है तो हम शिक्षक सम्मान किस आधार ग्रहण करें

प्रांतीय संयोजक राकेश नायक, जिला संयोजक लक्ष्मी नारायण जाटव जिला संयोजक ग्वालियर के साथ हजारों शिक्षकों ने महामहिम राष्टपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, केंद्रीय शिक्षक मंत्री एवं मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री,शिक्षा मंत्री के नाम श्री नरेश चन्द्र गुप्ता एस डी एम को आर टी ई अधिनियम 2009 लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को (टीईटी) शिक्षक पात्रता परीक्षा से पूरी तरह छूट देने के लिए संसद में अध्यादेश लाकर शिक्षकों को टीईटी से मुक्त करने की माँग का ज्ञापन सौंपा गया इस अवसर पर राकेश नायक, लक्ष्मी नारायण जाटव, अरुण प्रताप सिंह, पदम नारायण शर्मा, राजेंद्र पक्षबार, राम अवतार जाटव,राजेंद्र सिंह, शशि कुशवाह,ओ पी सिंह, प्रदीप शर्मा, संजय गर्ग,मनोज बरैया, हाकिम सिंह पाल, सुरेंद्र पिप्पल, मानवेन्द्र कौरव, रश्मि सकतौलिया,मोहर सिंह राजपूत,शिवकुमारी लोधी, रेशमा बानो, सीमा भदौरिया, मनोज मिश्रा, मुरारी भदौरिया, मृदुला गुप्ता, राम कुमार शर्मा, बाबू लाल मांझी, राम सनेही माहोर, सुरेश जालोन, वीरेंद्र सिंह जसबंत यादव, प्रियंका गुप्ता, सुनील गौर, शकुंतला यादव, मीना रावत, रीनू गिल, राजेश गौर, विभा खरे,मीना चंदेल कृष्णा मोरोलिया , मीरा पाल, शैल सगर विश्राम सिंह यादव, मुकेश बघेल हेमंत त्रिवेदी सुमनलता ओझा लाल सिंह गुर्जरसुनील शर्मा शशि शाक्य, शशि राजौरिया सुनीता गौतम, झडासिंह गोयल, निर्मला राजे, संजय गर्ग प्रदीप शर्मा धर्मेंद्र पाण्डेय, अवन्तिका यदुवंशी, राघवेंद्र सेंगर, भगवती शर्मा राधे श्याम कुशवाह प्रेमलता कुशवाह,श्याम सिंह राजपूत, संतोष कुशवाह,,एवं सैकडों अध्यापक शिक्षक उपस्थित रहे।

## शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

**ग्वालियर, जीएनएस।**

सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट (ष्टद्बष्ठ) संस्था द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन ग्रामीण विकास प्रबंध संस्थान, महलगांव, ग्वालियर में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों के योगदान को सम्मानित करना, उनके सामाजिक दायित्वों को रेखांकित करना तथा बच्चों के अधिकारों एवं बाल संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाल कल्याण समिति, जिला ग्वालियर के अध्यक्ष श्री सोमेश महंत तथा श्रम विभाग की नोडल अधिकारी श्रीमती निशा जहान उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष श्री उमेश वशिष्ठ, संरक्षक डॉ. विजय गुप्ता एवं संस्था से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे।




कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ किया गया। संस्था की ओर से मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं सम्मान के साथ स्वागत किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि श्री सोमेश महंत, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, जिला ग्वालियर ने अपने उद्बोधन में शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों की भूमिका को समाज एवं राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों को केवल पाठ्यक्रम का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनमें संस्कार, अनुशासन, जिम्मेदारी एवं सामाजिक चेतना का विकास भी करते हैं। इसलिए बाल संरक्षण, बाल अधिकार एवं बच्चों के सुरक्षित भविष्य के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

अपने संबोधन के दौरान श्री सोमेश महंत ने जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन तथा श्री भुवन ऋभु जी द्वारा बाल विवाह के विरुद्ध किए जा रहे अथक प्रयासों की सराहना की और इसके लिए विशेष धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने उल्लेख किया कि बाल विवाह के विरुद्ध चलाए जा रहे निरंतर प्रयासों से इस विषय को वैश्विक स्तर पर भी महत्वपूर्ण स्थान मिला है। उन्होंने बताया कि दिनांक 04 सितंबर 2026 को संयुक्त राष्ट महासभा में 27 नवंबर को विश्व बाल विवाह निषेध दिवस के रूप में मनाए जाने संबंधी प्रस्ताव पारित हुआ है। उन्होंने इसे बाल विवाह के उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इसके उपरांत श्रीमती निशा जहान, नोडल अधिकारी, श्रम विभाग ने अपने उद्बोधन में शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बाल श्रम, बच्चों की सुरक्षा तथा उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा से जोड़ना और उन्हें बाल श्रम एवं अन्य प्रकार के शोषण से बचाना समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे विद्यालय स्तर पर बच्चों की उपस्थिति, उनकी परिस्थितियों एवं शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

## ग्वालियर प्रेस क्लब ने भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह संयोजक आशीष ऊषा अग्रवाल को सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**ग्वालियर, जीएनएस।**

ग्वालियर प्रेस क्लब के प्रतिनिधि मंडल ने आज शनिवार को प्रदेश के संवेदनशील यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम पत्रकारों की विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन भाजपा के राष्ट्रीय सह मीडिया संयोजक आशीष अग्रवाल को सौंपा।

पत्रकारों के हित में शासन द्वारा समय-समय पर अनेक घोषणाएं की गई हैं, लेकिन कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर अपेक्षित निर्णय एवं क्रियान्वयन अभी शेष है।ज्ञापन में कहा गया हे कि प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून शीघ्र बनाया जाए,जिससे पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर चली आ रही वर्षो पुरानी मांग पूरी हो सके। साथ ही कोरोना काल में पत्रकारों को रेलवे यात्रा में दी जाने वाली रियायत स्थगित कर दी गई थी, जो अब तक बहाल नहीं हुई है। इसे पुनः प्रारंभ करने के लिए केंद्र सरकार से पहल की जाए। इसके अलावा पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना में प्रतिवर्ष प्रीमियम राशि देना पड़ता है। इसके स्थान पर उत्तरप्रदेश की तर्ज पर मध्यप्रदेश में भी पात्र पत्रकारों एवं उनके परिवारों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा दी जाए।

श्रद्धानिधि 20 हजार रुपये प्रतिमाह है, जिसे बढ़ाकर 40 हजार रुपये किया जाए। साथ ही गंभीर बीमारी से पीड़ित पत्रकारों के लिए आयु सीमा में विशेष छूट दी जाए और इनकी पात्रता आयु 58 वर्ष की जाए। असामयिक मृत्यु पर पत्रकार के परिवार को 4 लाख रुपये की सहायता राशि दी जा रही है , इसमें वृद्धि की जाए। श्री अग्रवाल ने भरोसा दिलाया कि पत्रकारों की मांगों पर सहानभूति पूर्वक विचार कर निर्णय लिया जाएगा । ज्ञापन सौंपते समय ग्वालियर प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश शर्मा, सचिव सुरेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश दंडोतिया, विनय अग्रवाल, सुरेंद्र माथुर, बृजमोहन शर्मा, प्रवीण दुबे आदि।

## इंदौर के वरिष्ठ फोटोग्राफर महेंद्र राठौर को 'मास्टर ऑफ सिग्मा' सम्मान

**इंदौर, जीएनएस।**



शहर के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित फोटोग्राफर श्री महेंद्र राठौर को फोटोग्राफी के क्षेत्र में उनके दीर्घकालीन योगदान के लिए सिग्मा एकेडमी ऑफ फोटोग्राफी, हैदराबाद द्वारा 'मास्टर ऑफ सिग्मा' सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर हैदराबाद में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। पिछले करीब 50 वर्षों से फोटोग्राफी के क्षेत्र में सक्रिय महेंद्र राठौर ने अपनी कला और अनुभव से देश-विदेश में विशेष पहचान बनाई है। उन्हें इससे पूर्व भी भारत सहित दक्षिण कोरिया तथा विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अनेक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। लगातार मिल रहे ये सम्मान उनके लंबे फोटोग्राफिक अनुभव, रचनात्मक योगदान और फोटोग्राफी के प्रति समर्पण को दर्शाते हैं। 'मास्टर ऑफ सिग्मा' सम्मान मिलने पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से और फोटोग्राफी जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## शिक्षक दिवस पर टीचर्स ऑफ बिहार की पाँच बड़ी पहलें शुरू

**शिक्षक दिवस विशेष आनलाइन क्विज में भाग लेने वाले पांच हजार से अधिक शिक्षकों को डिजिटल प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।**

**पटना, जीएनएस।**

शिक्षक दिवस के अवसर पर टीचर्स ऑफ बिहार द्वारा शिक्षकों, विद्यार्थियों और समाज को शिक्षा के नए आयामों से जोड़ने के उद्देश्य से पाँच महत्वपूर्ण पहलों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम लेट्स टॉक में शिक्षा, साहित्य, तकनीक, साइबर सुरक्षा और संवाद को केंद्र में रखते हुए कई अभिनव पहल की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं मॉडरेशन डॉ. विनोद कुमार उपाध्याय द्वारा किया गया। समारोह में शिक्षक दिवस स्पेशल ऑनलाइन क्विज-2026, 'शिक्षा के गुमनाम नायक' पुस्तक के लिए कहानी आमंत्रण, 'लेट्स टॉक' में पूर्व अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग डॉ.एस.सिद्धार्थ के साथ विशेष संवाद, 'आंचलिका' पत्रिका के कवर पेज का विमोचन तथा 'मैं हूँ साइबरदूत' कोर्स का शुभारंभ किया गया। टीचर्स ऑफ बिहार के अनुसार, शिक्षक दिवस स्पेशल ऑनलाइन क्विज में शामिल पांच हजार से अधिक प्रतिभागियों को डिजिटल सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। वहीं 'शिक्षा के गुमनाम नायक' पहल के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों की प्रेरणादायक कहानियों को समाज के सामने लाया जाएगा। 'आंचलिका' टीचर्स ऑफ बिहार की पहली पत्रिका प्रकाशित होगी जो बिहार की पाँच प्रादेशिक भाषाओं, साहित्य एवं लोक-संस्कृति को समर्पित है। वहीं 'मैं हूँ साइबरदूत' कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं आम नागरिकों को साइबर सुरक्षा और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर शिव कुमार एवं टेक्निकल टीम लीडर ई. शिवेंद्र प्रकाश सुमन ने कहा कि शिक्षक दिवस पर शुरू की गई ये पहलें शिक्षकों के सम्मान के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी जागरूकता और रचनात्मक संवाद को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने कहा कि टीचर्स ऑफ बिहार लगातार शिक्षकों को एक सशक्त डिजिटल मंच प्रदान कर रहा है। इन पहलों से शिक्षकों की प्रतिभा, अनुभव और नवाचार को व्यापक स्तर पर पहचान मिलेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिकेन्द्र कुमार सुमन, मनीष कुमार, कुमार अभिषेक, अमितेश कुमार, पप्पू कुमार पंकज, अभिषेक कुमार, अनुपमा प्रियदर्शिनी, आस्था दीपाली, कनिष्का मुस्कान, भवानंद सिंह, राकेश वर्मा, मधु प्रिया सहित अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

हिन्दी दैनिक
श्रमसाधना
आपकी दुःख की घड़ी में
श्रमसाधना सदैव आपके साथ है
उठावनी/रस्म पगड़ी
का प्रकाशन
निःशुल्क
सम्पर्क करें
ग्वालियर
☎0751-2625029
9074257600
शिवपुरी
☎07492-232149
8251071286
E-mail : shramsadhnagwl@gmail.com

दैनिक श्रमसाधना
ग्वालियर शिवपुरी से प्रकाशित
www.shramsadhnanews.com



# आपदा की घड़ी में बढ़ा मानवता का हाथ

काठमांडू वक्त दर्शन कार्यालय। विश्व गुरु भारत भाग्य विधाता पीएम मोदी जी वैश्विक मंच में स्थापित विकसित उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री पूजनीय योगी जी महाराज की सार्वजनिक जीवनी सेवा समर्पण से राष्ट्र निर्माण के अभियान के तहत नेपाल आपदाग्रस्त परिवारों के जन-जन तक राहत सामग्री पहुंचाई जा रही हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन नेपाल मातृशक्ति प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्षा यमुना कोशी जी टीम प्रतिदिन प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों के बीच मानवता, सेवा और संवेदना की अनूठी मिसाल देखने को मिल रही है। वही, संकट की इस कठिन घड़ी में अंतरराष्ट्रीय मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन परिवार नेपाल में आपदा ग्रस्त परिवारों के बीच मजबूती से खड़ा है।

नेपाल आपदा पीड़ितों के लिए मानवता की मिसाल बनी अंतरराष्ट्रीय मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन

महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा मातृशक्ति यमुना कोशी जी आपदा ग्रस्त परिवारों के बीच स्वयं पहुंचकर उनके अंशु पोंछ कर राहत सामग्री भेंटकर कर रही हैं, साथ ही अपनी महिला टीम को विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग भेजकर मदद अभियान को गति प्रदान कर रही है और नेपाल में राहत अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही हैं।

अंतरराष्ट्रीय मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन परिवार की सराहनीय सेवा अभियान - प्रभावित परिवारों तक पहुंचकर प्रतिदिन राहत सामग्री एवं आर्थिक सहायता का वितरण कर रहा है। उक्त राहत एवं मदद अभियान वक्त दर्शन नेपाल उप संपादक यबराज आचार्य नेपाल राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में एवं अंतरराष्ट्रीय मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन नेपाली जगत जननी माता दीपा कटुवाल जी, महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय संरक्षक के शुभ आशीर्वाद से निरंतर गतिमान है।

अंतरराष्ट्रीय मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन राष्ट्रीय संरक्षक भारत श्री श्री 108 संत महेश दास जी महाराज ने नेपाल राष्ट्रीय अध्यक्ष नेपाली महिला राष्ट्रीय अध्यक्षा एवं प्रथम जगत जननी माता कटुवाल राष्ट्रीय संरक्षक नेपाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि मानव सेवा ही धर्म है, इसका पालन किया है।

इसीक्रम में अंतर्राष्ट्रीय संयोजक एवं अधिवक्ता आशीष भदौरिया ने कहा कि देश में पत्रकारों के नाम की लाखों संस्थाएं एवं तमाम समाजसेवी संस्थाएं हैं किंतु वर्ष 1990 की संस्थापित मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन का अगर इतिहास देखा जाए तो लोक कल्याण के लिए समर्पित सभी संस्थाओं में अग्रणी इतिहास प्राप्त होगा। उन्होंने आगे कहा कि संस्था बना लेना एक अलग प्रश्न है, लेकिन संस्था के पवित्र उद्देश्यों के मार्ग पर चलकर पूर्ति करना ही लक्ष्य होना चाहिए। जैसा की मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन परिवार ने भारत के ग्रामीण अंचलों में संत, ऋषि, मुनियो के संरक्षण संवर्धन में ऐतिहासिक जागरूकता कार्यक्रम के लिए समर्पित जानी जाती है। श्री भदौरिया ने कहा कि विश्व गुरुदेव भारत यशस्वी पीएम मोदी जी एवं पूज्य गुरुदेव योगी जी महाराज मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की सार्वजनिक जीवनी सेवा समर्पण से राष्ट्र निर्माण सेवा संकल्प अभियान नेपाल आपदा में बृहद रूप से नेपाली मीडिया के सम्मानित पदाधिकारी एवं मातृ शक्तियों के द्वारा निरंतर गति प्रदान करते हुए आपदा से ग्रसित परिवारों के जन्मदिन तक घर-घर जाकर राहत सामग्री एवं वंचित आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाना संपूर्ण विश्व में संस्था संस्था परिवार दैनिक वक्रदर्शन परिवार को राष्ट्र निर्माण के लिए अग्रसर करती है

# इलाज के लिए ट्रामा सेंटर से वार्ड तक भटकता रहा मरीज, स्ट्रेचर पर तोड़ा दम

**फिरोजाबाद, जीएनएस।** मेडिकल कॉलेज में निरीक्षण के बाद भी मरीजों को उपचार के लिए भटकना पड़ रहा है। रविवार को डीएम के निरीक्षण के अगले ही दिन सोमवार को ट्रामा सेंटर में एक मरीज उपचार के लिए इधर से उधर भेजा जाता रहा। ट्रामा सेंटर से टीवी वार्ड और फिर वार्ड नंबर दो तक पहुंचे 55 वर्षीय मजदूर ने आखिरकार स्ट्रेचर पर ही दम तोड़ दिया। पिता की मौत से आक्रोशित बेटे ने चिकित्सकों और स्टाफ पर समय से उपचार नहीं देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजन को समझाकर शांत कराया।

गांव आतीपुर बछगांव थाना नारखी निवासी महावीर सिंह (55) की रविवार को तबीयत खराब हो गई थी। बेटे दिलीप के मुताबिक, पिता को कफ के साथ खून आ रहा था और सीने में दर्द की शिकायत थी। वह उन्हें लेकर ट्रामा सेंटर पहुंचे। आरोप है कि काफी देर तक किसी ने उनकी सुध नहीं ली। मिन्नत करने के बाद दवा देकर घर भेज दिया गया। स्टाफ ने कहा कि रविवार को बेड खाली नहीं है, सोमवार को लेकर आना, भर्ती कर लिया जाएगा।

सोमवार सुबह करीब आठ बजे दिलीप अपने पिता को लेकर फिर ट्रामा सेंटर पहुंचा। काफी देर तक इंतजार कराने के बाद स्टाफ ने उन्हें टीवी वार्ड भेज दिया। वहां से वार्ड नंबर दो में जाने को कहा गया। वार्ड नंबर दो में पहुंचे तो स्टाफ ने ट्रामा सेंटर से पर्चा बनवाने की बात कह दी। परिजन मरीज को लेकर एक जगह से दूसरी जगह दौड़ते रहे। इसी दौरान महावीर सिंह की हालत बिगड़ गई और उन्होंने स्ट्रेचर पर ही दम तोड़ दिया।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने स्व. श्रीमती बसुधा शर्मा को अर्पित की श्रद्धांजलि

**कचनाव कलां।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री जीतू पटवारी जी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने ग्राम कचनाव कलां पहुंचकर कांग्रेस प्रदेश सचिव श्री प्रमोद चौधरी जी की पूज्य माताजी स्व. श्रीमती बसुधा शर्मा जी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी, तराना विधायक श्री महेश परमार जी, उपनेता प्रतिपक्ष श्री हेमंत कटारे जी, मुरैना के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्री सत्यपाल सिंह सिकरवार 'नीटू भैया' जी, पूर्व मंत्री श्री लाखन सिंह जी, विधायक श्री साहिब सिंह गुर्जर जी, विधायक श्री पंकज उपाध्याय जी, विधायक श्री केशव देसाई जी, विधायक श्री सुरेश राजे जी एवं पूर्व प्रत्याशी श्री सुनील शर्मा जी सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इसके साथ ही प्रदेश सचिव श्री राहुल शर्मा 'गुंजन भैया' जी, पूर्व जिलाध्यक्ष दतिया श्री रामकिंकर सिंह गुर्जर जी, शहर जिलाध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिंह भदौरिया 'पिंकी' जी, ग्रामीण जिलाध्यक्ष श्री रामशेष सिंह बघेल जी, सेवादल जिलाध्यक्ष श्री संदीप मिश्रा जी, ब्लॉक अध्यक्षगण श्री देवेंद्र सिंह निगम जी, श्री संजीव करैया जी, श्री दीपेंद्र सिंह 'फौजी' जी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सभी ने स्व. श्रीमती बसुधा शर्मा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान उपस्थित नेताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# टेलीग्राम पर बाल यौन शोषण सामग्री रखने के आरोपी को दबोचा

**फिरोजाबाद, जीएनएस।** थाना रजावली पुलिस ने टेलीग्राम एप पर बच्चों से संबंधित यौन शोषण सामग्री डाउनलोड कर मोबाइल में रखने, अपलोड करने और बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को राजमल-मंडनपुर रोड से पकड़ा।

पुलिस के मुताबिक थाना रजावली में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 116/2026 में आईटी एक्ट की धारा 67बी और पॉक्सो एक्ट की धारा 13, 14 व 15 के तहत जांच की जा रही है। जांच के दौरान प्रकाश में आए आरोपी रिंकू पुत्र नत्थू सिंह निवासी खेरालंगर, थाना रजावली को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में पुलिस पहले आरोपी पूजा पुत्री नरेश कुमार निवासी नगला बीच को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज चुकी है। पुलिस का कहना है कि रिंकू सोशल मीडिया एप टेलीग्राम के माध्यम से प्रतिबंधित बाल यौन शोषण सामग्री को डाउनलोड, संग्रहित, अपलोड और बेचने में संलिप्त था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने यह कार्रवाई की। आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक नारखी संजय कुमार पांडे, थानाध्यक्ष रजावली बृजकिशोर सिंह, उपनिरीक्षक दिलीप कुमार, कांस्टेबल विष्णु कुमार और इंद्रजीत शामिल रहे।

# अतिक्रमण कारी नहीं माने तो चला बुल्डोजर

## लहार सीएमओ एवं थाना प्रभारी मौके पर मौजूद

**भिण्ड, जीएनएस।** लहार नगर मे बारिश की वजह से हो रहे जल भराव से निजात के लिए नगर पालिका प्रशासन ने कसी कमर बारिश के भरे पानी को निकालने के लिए नगर पालिका लहार को लगातार मशक्क करनी पड़ रही हैं लगातार जा रहें सफाई कर्मियों को नाले पर अस्थाई अतिक्रमण करने वाले लोगों को लगातार धुतकारा जा रहा था जिसके चलते आज सीएमओ नगर पालिका ज्योति सुनहरे एवं थाना प्रभारी लहार शिव सिंह यादव मौके पर पहुंचे और अतिक्रमण कारियों को समझाकर अतिक्रमण हटाया और सफाई ब्यबस्था को सुचारु रूप से शुरू कराया एवं जल्द ही पानी निकासी की ब्यबस्था को सूद्रण कराया।

हमारे द्वारा नगर पालिका लहार का जिस दिन चार्ज लिया नगर मे सफाई ब्यबस्था को लेकर हाहा कार मचा हुआ था जिसको मेने बात करके हल कराया नगर मे निचली बस्तियों मे पानी भरा हैं जिसे निकलने के लिए आज प्रशासन की सहायता से नाला पर अस्थाई अतिक्रमण को हटाकर नाला साफ करने की प्रक्रिया शुरू की गयी जल्द ही पानी निकालकर लोगों को समस्या से निजात दिलाया जायेगा।

# प्रभारी मंत्री ने दिखाई जागरूकता रथ को हरी झंडी

**श्योपुर, जीएनएस।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं श्योपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश शुक्ला द्वारा आज बेटी बचाओं- बेटी पढाओ का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर ग्रामीण क्षेत्र के लिए रवाना किया गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक श्री मोती उर रहमान, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शशांक भूषण, पूर्व विधायकगण श्री दुर्गालाल विजय, श्री बृजराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री महावीर सिंह सिसौदिया, श्री कैलाश नारायण गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा श्री सुरेंद्र सिंह जाट, सांसद प्रतिनिधि श्री सुजीत गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें। महिला बाल विकास अधिकारी श्री श्यामबाबू खरे ने बताया कि यह जागरूकता रथ श्योपुर जिले की तीनों प्रमुख तहसीलों के अंतर्गत आने वाले महत्वपूर्ण गांवों और ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर जन-जन तक पहुँचेगा। श्योपुर तहसील अंतर्गत ढेंगदा, श्योपुर शहरी क्षेत्र, बड़ौदा क्षेत्र, सोंईकलां, और प्रेमसर, कराहल तहसील अंतर्गत कराहल और सेसईपुरा विजयपुर तहसील अंतर्गत विजयपुर, वीरपुर, और सहसराम आदि ग्रामों में भ्रमण कर बेटी बचाओं-बेटी पढाओ का संदेश देगा।

# गुरुजी की स्मृति में हर एकादशी को फलाहार सामग्री का वितरण, लंबे समय से जारी है सेवा का सिलसिला

**पोरसा, जीएनएस।** नगर के अंबाह रोड पर क्षेत्र के जाने-माने संत एवं ख्याति प्राप्त संत माखन दास महाराज की स्मृति में हर एकादशी के अवसर पर श्रद्धालुओं और उपवास रखने वाले लोगों के लिए फलाहार सामग्री के वितरण का सेवा कार्य लंबे समय से निरंतर चल रहा है। गुरुजी की स्मृति को समर्पित यह सेवा कार्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ मानव सेवा की भावना का भी संदेश दे रहा है।

एकादशी हिंदू धर्म में विशेष धार्मिक महत्व रखने वाला दिन माना जाता है। इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान विष्णु की आराधना करते हुए व्रत एवं उपवास रखते हैं। उपवास के दौरान सामान्य अन्न का सेवन नहीं किया जाता, ऐसे में फल, साबूदाना, सिंघाड़े का आटा, आलू सहित विभिन्न फलाहारी सामग्री की आवश्यकता होती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हर एकादशी पर जरूरतमंद श्रद्धालुओं को फलाहार की सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।

**गुरुजी की स्मृति में सेवा का संकल्पः** संत माखन दास महाराज के अनुयायियों एवं सेवा से जुड़े लोगों का कहना है कि गुरुजी ने सदैव धर्म, सेवा, परोपकार और जरूरतमंदों की सहायता का संदेश दिया। उनकी इसी प्रेरणा को आगे बढ़ाते हुए एकादशी के दिन फलाहार सामग्री का वितरण किया जाता है। इस सेवा में श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं और गुरुजी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं।

वितरण स्थल पर एकादशी के दिन श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहती है। सेवा कार्य से जुड़े लोग श्रद्धापूर्वक फलाहार सामग्री वितरित करते हैं। कई लोग इसे गुरुजी के आशीर्वाद और उनकी सेवा भावना को जीवित रखने का माध्यम मानते हैं।

**जरूरतमंदों के लिए उपयोगी पहलः** फलाहार सामग्री का यह वितरण विशेष रूप से उन लोगों के लिए उपयोगी साबित होता है, जो धार्मिक आस्था के चलते एकादशी का व्रत रखते हैं, लेकिन फलाहार सामग्री जुटाने में कठिनाई महसूस करते हैं। सेवा के माध्यम से उन्हें आवश्यक सामग्री उपलब्ध हो जाती है और वे श्रद्धापूर्वक अपना व्रत पूर्ण कर पाते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, लंबे समय से चल रही इस पहल ने क्षेत्र में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत किया है। एकादशी के अवसर पर होने वाला यह आयोजन धार्मिक परंपरा के साथ सामाजिक सरोकार का भी उदाहरण बन गया है।

**आस्था के साथ मानव सेवा का संदेशः** गुरुजी की स्मृति में चल रहा यह सेवा कार्य यह संदेश देता है कि धार्मिक आस्था केवल पूजा-पाठ तक सीमित न रहकर जरूरतमंदों की सहायता और मानव सेवा का माध्यम भी बन सकती है। हर एकादशी को होने वाला फलाहार सामग्री वितरण इसी भावना को आगे बढ़ा रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि संत माखन दास महाराज की स्मृति में निरंतर चल रही यह सेवा आने वाली पीढ़ियों को भी परोपकार, सेवा और जरूरतमंदों की मदद करने की प्रेरणा देती रहेगी।

दैनिक श्रमसाधना
www.shramsadhnanews.com
ग्वालियर शिवपुरी से प्रकाशित



### रामेश्वर त्रिवेणी संगम धाम को विकसित करने पर फोकस

# सेवा संकल्प अभियान का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से करें: प्रभारी मंत्री




**श्योपुर, जीएनएस।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं श्योपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सभी सदस्यों की भावना के अनुरूप क्षेत्र के प्रसिद्ध और लोगों की आस्था के केन्द्र रामेश्वर त्रिवेणी संगम धाम को विकसित करने के लिए व्यापक कार्य योजना तैयार की जायें तथा इस पर फोकस करते हुए इसे विकसित करने की दिशा में कार्य किया जायेगा। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक श्री मोती उर रहमान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, विधायक विजयपुर श्री मुकेश मल्होत्रा, सीईओ जिला पंचायत श्री कार्तिकेय जायसवाल, अपर कलेक्टर श्री रूपेश उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शशांक भूषण, पूर्व विधायकगण श्री दुर्गालाल विजय, श्री बृजराज सिंह चौहान, श्री सीताराम आदिवासी, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री महावीर सिंह सिसौदिया, श्री कैलाश नारायण गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा श्री सुरेन्द्र सिंह जाट, श्री अरविन्द सिंह जादौन, श्री गिर्राज सिंह चौधरी, श्री संजय अकोदिया, श्री रामस्वरूप मीणा, श्री लखन सिंह जाट, श्री सतीश सिंहल, श्री ओमप्रकाश शर्मा, श्री रामअवतार शर्मा, श्री नरेन्द्र मीणा, डॉ एसके तिवारी, श्री सुजीत गर्ग आदि सदस्यगण उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा रामेश्वर त्रिवेणी संगम धाम के विकास के संबंध में वन विभाग सहित अन्य विभागों से चर्चा कर प्रस्ताव तैयार किया जायें तथा संबंधित अनुमतियों को किस स्तर पर लिया जाना है, उसका भी समावेश किया जायें। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव एक सप्ताह के अंदर सभी संबंधित विभागों से चर्चा के बाद तैयार किया जायें।

प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि वर्षाकाल के दौरान बडौदा में जलभराव की स्थिति के स्थाई निदान हेतु प्रयास किये जायेंगे, उन्होंने कहा कि इसके लिए राज्य स्तर से भी एक टीम के माध्यम से समस्या निदान हेतु आंकलन कराया जायेगा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के सहयोग से इस दिशा में गंभीरतापूर्वक किया जायें तथा कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर सुझाव भी शामिल किये जायें।

इसके साथ ही उन्होंने 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत की जा रही तैयारियों की समीक्षा भी की गई तथा अधिकारियों को निर्देश दिये कि अभियान का संचालन गंभीरता के साथ किया जायें और निर्धारित तिथियों में सभी गतिविधियां आयोजित की जायें, अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोडा जायें। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने बैठक के दौरान जानकारी दी कि बडौदा में वर्षा पूर्व नालो की सफाई और गहरीकरण का कार्य कराये जाने से अभी तक जलभराव की स्थिति नही बनी है। उन्होंने बताया कि भ्रमण के दौरान इस संबंध में नागरिको से भी चर्चा हुई, जिसमें बताया गया कि नालों का गहरीकरण और चौडीकरण होने से वर्षा जल का बहाव सुगम हुआ है तथा तेजी के साथ पानी निकासी हुई है, इस कारण अभी तक गत वर्षो की तरह जल भराव की स्थिति निर्मित नही हुई है। इसी प्रकार जानकारी दी गई कि बडौदा में कुंहाजापुर रोड पर पूर्व से निर्मित छोटी पुलियाओं के स्थान पर बडे पुल स्वीकृत हुए है तथा 15 सितंबर तक टेण्डर खुल जायेगे और अगले माह से काम शुरू हो जायेगा, जिससे जल निकासी और भी सुलभ हो जायेगी। बैठक में इस वर्ष हुए 200 करोड के औद्योगिक निवेश के संबंध में भी अवगत कराया गया। बैठक के दौरान सलाहकार समिति के सदस्यों द्वारा सडक मार्गो, श्योपुर के लिए रिंग रोड, रामेश्वर घाट पर पांटून पुल, बडौदा में स्टेडियम निर्माण, टीएनसीपी की नये सिरे से प्लांनिंग आदि विकास कार्यो के प्रस्ताव रखे गये।

# अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़, ग्रामीणों का जाना हाल

**मुरैना, जीएनएस।** कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़ ने रविवार को पहाड़गढ़ एवं कैलारस विकासखंड के अतिवृष्टि प्रभावित लीलहर का पुरा ,ग्राम रीझोनी, बिशनोरी, निमांस-जोनारा पहुंचकर ग्रामीणों का हाल जाना। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक रेस्क्यू कार्य तत्परता से कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री जांगिड़ ने कहा कि सोन नदी का जलस्तर बढ़ने से इन ग्रामों में जलभराव एवं अतिवृष्टि की स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने निर्देश दिए कि जलस्तर कम होते ही प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे कार्य तेजी से कराया जाए, ताकि नुकसान का आकलन कर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। कलेक्टर ने शासकीय हाई स्कूल निमांस का भी निरीक्षण किया, जहां प्रभावित ग्रामीणों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीणों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कमलेश कुमार भार्गव, एसडीएम श्री शुभम शर्मा, संबंधित तहसीलदार सहित अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# मुरैना जिले में 6 सितम्बर को औसत 27.9 मि.मी. वर्षा दर्ज

मुरैना, 6 सितम्बर 2026/ मुरैना जिले में आज 6 सितम्बर को औसतन 27.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। जिले में 1 जून 2026 से 6 सितम्बर 2026 तक कुल औसत 531.2 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। वर्षामापी केन्द्रवार आज हुई वर्षा में कैलारस में सर्वाधिक 50.0 मि.मी., मुरैना में 42.0 मि.मी., सबलगढ़ में 35.0 मि.मी., पोरसा में 26.0 मि.मी., जौरा में 8.0 मि.मी. तथा अम्बाह में 6.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। जिले की औसत सामान्य वर्षा 706.9 मि.मी. है। 1 जून से 6 सितम्बर 2026 तक दर्ज 531.2 मि.मी. वर्षा सामान्य औसत वर्षा का लगभग 75 प्रतिशत है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में औसत 913.4 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई थी। इस प्रकार वर्तमान वर्ष में गत वर्ष की तुलना में अब तक औसतन 382.2 मि.मी. कम वर्षा दर्ज हुई है।

### कॉलेज में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# शिक्षक केवल ज्ञान नहीं देते, वे विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देते हैं



**श्योपुर, जीएनएस।** शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर में विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा शिक्षक दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व से परिचित कराते हुए शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम का ज्ञान प्रदान करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, संस्कार एवं जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक होता है। उन्होंने कहा कि एक अच्छे शिक्षक की पहचान इस बात से होती है कि उसके विद्यार्थी ज्ञान के साथ विवेक, अनुशासन, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों को भी अपने जीवन में आत्मसात करें। मुख्य वक्ता डॉ. रमेश भारद्वाज ने भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को सदैव सर्वोच्च सम्मान प्राप्त रहा है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन का उल्लेख करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन को केवल परीक्षा और रोजगार तक सीमित न रखें, बल्कि उसे जीवन निर्माण का आधार बनाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान तकनीकी युग में सूचना प्राप्त करना आसान हो गया है, लेकिन सही और गलत में अंतर करने का विवेक शिक्षक ही विकसित करता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कहा कि शिक्षक दिवस केवल शिक्षकों को सम्मानित करने का अवसर नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए अपने जीवन में गुरु के योगदान को स्मरण करने और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है।

# भाजपा जिला कार्यसमिति की मासिक बैठक संपन्न: संगठन मजबूती और आगामी कार्यक्रमों पर हुआ मंथन



**बालाघाट, जीएनएस।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सोमवार को जिला कार्यसमिति की मासिक बैठक का आयोजन संपन्न हुआ। बैठक भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं छिंदवाड़ा संभाग प्रभारी डां. सुमेर सिंह सोलंकी तथा जिले के प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष व पूर्व मंत्री रामकिशोर (नानो) कावरे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों द्वारा भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया गया। मंच पर पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश दिलीप भटेरे, रमेश रंगलानी, डॉ. टी.डी. वैद्य, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य मौसम बिसेन, जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले एवं जिला महामंत्री डॉ. नरेंद्र भैरम उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत वंदे मातरम गान और जन गण मन के साथ समाप्त हुई।

**कार्यक्रमों की ठोस रूपरेखा**

बैठक में गत माह आयोजित हुए कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की ठोस रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन भाजपा जिला महामंत्री डॉ. नरेंद्र भैरम ने किया एवं आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी गोस्वामी द्वारा किया गया। आशय की जानकारी हेमेंद्र क्षीरसागर, जिला मीडिया प्रभारी, भाजपा ने दी।

**कार्यकर्ता ही संगठन की मुख्य रीढ़– सुमेर सिंह सोलंकी**

कार्यकर्ता ही संगठन की मुख्य रीढ़ हैं। यह कहते हुए डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी, प्रदेश महामंत्री व संभाग प्रभारी ने कहा, बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सभी पदाधिकारियों को निष्ठा से कार्य करना होगा।

**संगठन व सरकार के बेहतर समन्वय– उदय प्रताप सिंह**

प्रदेश सरकार विकास और सुशासन के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। राव उदय प्रताप सिंह प्रभारी मंत्री ने कहा, जिले में विकास कार्यों को गति देना और संगठन व सरकार के बेहतर समन्वय से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है।

**अभियानों में जनभागीदारी– रामकिशोर कावरे**

गत माह आयोजित सभी अभियानों और कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा। रामकिशोर नानो कावरे, भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा, आगामी कार्यक्रमों की तय रूपरेखा के अनुसार पार्टी के सभी अभियानों को जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक पूरा किया जाएगा।

**समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच – रमेश दिलीप भटेरे**

पार्टी की विचारधारा और नीतियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना ही हमारा मूल उद्देश्य है। रमेश दिलीप भटेरे पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा, सभी मोर्चा व मंडलों को आपसी समन्वय बनाकर संगठन के निर्देशों का पालन करना चाहिए।

दैनिक श्रमसाधना
ग्वालियर शिवपुरी से प्रकाशित
www.shramsadhnanews.com
महानगर
मंगलवार 08 सितंबर 2026


लायंस क्लब ग्वालियर सेंट्रल ने जरूरतमंदों के साथ बांटी अपनत्व और संवेदना

# सेवा में ही सच्ची खुशी, 500 प्रभुजनों को कराया अन्नपूर्णा भोजन




**ग्वालियर जीएनएस**

लायंस क्लब ग्वालियर सेंट्रल की ओर से सोमवार को आश्रय भवन, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सामने, जेएएच परिसर में अन्नपूर्णा सेवा का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 500 प्रभुजनों को स्नेहपूर्वक भोजन प्रसाद कराया गया।

क्लब सदस्यों ने स्वयं भोजन परोसकर जरूरतमंदों के साथ समय बिताया। वक्ताओं ने कहा कि किसी भूखे व्यक्ति को भोजन कराना केवल उसकी जरूरत पूरी करना नहीं, बल्कि प्रेम, करुणा और संवेदना व्यक्त करने का माध्यम भी है। समाज की वास्तविक समृद्धि तभी है, जब कोई व्यक्ति भूखा न सोए।

क्लब की ओर से बताया गया कि अन्नपूर्णा सेवा निरंतर किए जा रहे सेवा कार्यों की कड़ी का हिस्सा है। इसका उद्देश्य जरूरतमंद और असहाय लोगों तक सहयोग पहुंचाने के साथ समाज में मानवता, भाईचारे और सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। भोजन ग्रहण करने वाले प्रभुजनों के चेहरों पर संतोष और खुशी की मुस्कान देखकर सेवा सहयोगियों ने भी आत्मिक आनंद महसूस किया। कार्यक्रम में रीजन चेयरपर्सन लायन राजेश वाटवानी, क्लब अध्यक्ष लायन अजय बत्रा, सचिव लायन रोशन गाबरा, पूर्व अध्यक्ष लायन विवेक सेठी, लायन दीपक जैसवानी, लायन अनिल नागपाल, लायन अमर चौधरी, लायन राहुल करीड़ा सहित क्लब के अन्य सदस्य मौजूद रहे। अन्नपूर्णा सेवा का आयोजन लायन दीपक जैसवानी के सौजन्य से किया गया।

8 सितंबर से पंजीयन शुरू, 14 सितंबर से जीवाजी क्लब में प्रशिक्षण

# गरबा-डांडिया की धूम के लिए तैयार हो रहा ग्वालियर, सीजन-3 का लोगो और पोस्टर लॉन्च

**ग्वालियर जीएनएस**

शहर के बहुप्रतीक्षित श्रीजी गरबा एवं डांडिया उत्सव सीजन-3 का आधिकारिक लोगो और पोस्टर मंगलवार को लॉन्च किया गया। आयोजकों ने बताया कि उत्सव के लिए पंजीयन 8 सितंबर से शुरू होंगे, जबकि गरबा एवं डांडिया प्रशिक्षण की शुरुआत 14 सितंबर को जीवाजी क्लब के गेट नंबर-3 पर शाम 4 से 7 बजे तक होगी।




आयोजक नितिन अग्रवाल और केतन अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष नैयनेश्वरी फिल्म के प्रशांत राज चौहान के निर्देशन में प्रतिभागियों को गरबा और डांडिया की विभिन्न शैलियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में एंकर निखिल कटारिया अपनी प्रस्तुति और एंकरिंग से उत्सव का रंग और बढ़ाएंगे।

आयोजकों के अनुसार, पहले पंजीयन कराने वाले प्रतिभागी को चांदी का राम दरबार भेंट किया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि को रोचक और मनोरंजक बनाने के लिए प्रत्येक रविवार को अलग-अलग थीम पर आधारित मिनी इवेंट भी आयोजित किए जाएंगे। इनमें नृत्य, संगीत, संस्कृति, मनोरंजन सहित विभिन्न गतिविधियां शामिल रहेंगी।

महिला प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे। आयोजक नितिन अग्रवाल ने कहा कि श्रीजी गरबा एवं डांडिया उत्सव का उद्देश्य केवल गरबा-डांडिया का आयोजन करना नहीं, बल्कि नृत्य, संगीत और संस्कृति के माध्यम से शहरवासियों को एक मंच पर जोड़ना है।

पत्रकार वार्ता में जीवाजी क्लब के कोषाध्यक्ष संजय निकला, संयुक्त सचिव केतन करण अग्रवाल, ट्विंकल सेन, निधि शर्मा, नीलम गुप्ता, वीनस स्कूल के संचालक विवेक गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पिंटू पार्क में यातायात में बाधक अतिक्रमण हटाया

# निगम के मदाखलत अमले ने ठेले, काउंटर और टीनशेड हटाए

**ग्वालियर जीएनएस**

सुगम यातायात और आम नागरिकों की सुविधा के लिए नगर निगम के मदाखलत अमले ने सोमवार को पिंटू पार्क, मुरार सहित अन्य क्षेत्रों में अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की। इस दौरान सड़क और यातायात में बाधक अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी भी दी गई।

मदाखलत अधिकारी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि नगर निगम आयुक्त अभिषेक चौधरी के निर्देशन में शहर में यातायात को सुगम बनाने और नागरिकों को आवागमन में परेशानी से बचाने के लिए लगातार अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पिंटू पार्क, मुरार और आसपास के क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे यातायात में बाधक बने ठेले, काउंटर, टीनशेड, छप्पर सहित अन्य अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। निगम अमले ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सार्वजनिक मार्गों पर दोबारा अतिक्रमण कर यातायात बाधित न करें। अधिकारियों ने कहा कि शहर में सुगम यातायात के लिए अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

कैट के आयोजन में व्यापारियों ने साझा की सावन की खुशियां

# सावन की गोठ में सुधीर गुप्ता का किया स्वागत

**ग्वालियर जीएनएस**

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ग्वालियर की ओर से रेशमतारा रिसॉर्ट में 'सावन की गोठ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्वालियर विकास प्राधिकरण के वाइस चेयरमैन सुधीर गुप्ता अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान अशोक गोयल एवं रामकुमार गोयल ने उनका अंगवस्त्र पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुधीर गुप्ता ने कैट ग्वालियर



द्वारा आयोजित सावन की गोठ कार्यक्रम के लिए पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन सामाजिक जुड़ाव और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश कैट के अध्यक्ष भूपेंद्र जैन के नेतृत्व में आयोजित स्वास्थ्य शिविर की भी सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में कैट मध्यप्रदेश के अध्यक्ष भूपेंद्र जैन, अंशुल गुप्ता, मुकेश गुप्ता, नितिन गोयल, रामकुमार गोयल, मुकेश अग्रवाल, श्याम शुक्ला, अशोक गोयल, रवि गुप्ता, रीना गांधी, दीपक सहित कैट के अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# पर्युषण आत्मशुद्धि और उत्तम गुण अपनाने की प्रेरणा देता है : डॉ. यादव

**भोपाल जीएनएस**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पर्युषण पर्व के अवसर पर भगवान महावीर के चरणों में नमन करते हुए प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि पर्युषण व्रत, तप और साधना के माध्यम से आत्मशुद्धि का संदेश देने वाला पावन पर्व है। यह पर्व मनुष्य को आत्मचिंतन के साथ जीवन में उत्तम गुण अपनाने और सदाचार की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों के सुख, शांति और मंगल की कामना की।

नगर निगम आयुक्त ने की कार्रवाई

# अनधिकृत अनुपस्थिति और आपराधिक प्रकरण में दो कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त

**ग्वालियर जीएनएस**

नगर निगम आयुक्त अभिषेक चौधरी ने अनधिकृत रूप से लंबे समय तक कार्य से अनुपस्थित रहने और आपराधिक प्रकरण में गिरफ्तार होने के मामलों में दो विनियमित कर्मचारियों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी हैं।

नगर निगम के फायर ब्रिगेड विभाग में विनियमित (कुशल) कर्मचारी नरेश राठौर लंबे समय से बिना सूचना के कार्य से अनुपस्थित थे। उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था, लेकिन उनके द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर निगम आयुक्त ने उनकी सेवाएं समाप्त करने के आदेश जारी किए।

इसी प्रकार कार्यशाला विभाग में विनियमित (अकुशल) कर्मचारी आशुतोष श्रीवास्तव के आपराधिक प्रकरण में गिरफ्तार होने और मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के चलते उनकी सेवाएं भी समाप्त कर दी गई हैं।

ऑपरेशन ईगल के तहत डबरा सिटी पुलिस की कार्रवाई; निशानदेही पर 315 बोर का देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद

# सोशल मीडिया पर कट्टा लहराने वाला बाल अपचारी पकड़ा

**ग्वालियर/डबरा जीएनएस**

सोशल मीडिया पर अवैध हथियार और कारतूस का प्रदर्शन करने वाले बाल अपचारी को डबरा सिटी पुलिस ने अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर झाड़ियों में पत्थर के नीचे छिपाकर रखा 315 बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा राउंड बरामद किया है। पुलिस अब उसे हथियार उपलब्ध कराने वाले उसके दोस्त की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक युवक बंदूक और कारतूस के साथ हथियार का प्रदर्शन करता दिखाई दे रहा था। वीडियो में आपत्तिजनक अंदाज में एक पंक्ति भी प्रदर्शित की गई थी। वीडियो की जांच में युवक के डबरा क्षेत्र का होने की जानकारी सामने आई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जयराज कुबेर ने डबरा सिटी पुलिस को मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीओपी डबरा सौरभ कुमार के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी संजय शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वीडियो में हथियार का प्रदर्शन करने वाले युवक की तलाश शुरू की। उसे पकड़े जाने के बाद दस्तावेजों के आधार पर नाबालिग होने की पुष्टि हुई। पूछताछ में बाल अपचारी ने पुलिस को बताया कि वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा हथियार उसके दोस्त वेताल कुशवाह निवासी कुशवाह मोहल्ला, चीनोर का है। उसने यह भी बताया कि दोस्त ने पूर्व में उसे एक कट्टा और राउंड दिया था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने अर्रु हनुमानजी के पास झाड़ियों में पत्थर के नीचे से 315 बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा राउंड बरामद किया। पुलिस ने बाल अपचारी के खिलाफ थाना डबरा सिटी में आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे अभिरक्षा में लिया है। पुलिस हथियार उपलब्ध कराने वाले वेताल कुशवाह की तलाश कर रही है। उससे हथियार की खरीद-फरोख्त और अन्य लोगों से संबंधों को लेकर भी पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी संजय शर्मा, प्रधान आरक्षक शिवशांत पाण्डेय, आरक्षक प्रवीण जाट और आरक्षक शिवम पाल की भूमिका रही।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक रामकिशन तायल 'फौजी' ने श्रमसाधना प्रिन्टर्स, भगवती निवास पारखजी का बाड़ा दौलतगंज, ग्वालियर से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : महेश तायल समाचार चयन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत अधिकृत
e.mail- Shramsadhnagwl@gmail.com ph. 0751-2625029, 98270 17078, 9425007142 समाचार पत्र में प्रकाशित सभी आलेखों में लेखकों के अपने विचार हैं। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर होगा।